रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 31] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 29, 1972 (श्रावण 7, 1894)

No 31] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 29, 1972 (SRAVANA 7, 1894)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

नोटिस

(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 24 जनवरी 1972 तक प्रकाशित किये गये हैं :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 24th January 1972 :—

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
1	2	3	4

शून्य

—NIL—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी । मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं ।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . .	781
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	1187
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	75
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	1047
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . .	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट . .	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि समीति हैं ।)	1861
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . .	2991
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश .	409
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	1025
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	223
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	75
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं . . .	1193
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें .	145
पूरक संख्या 31—	
22 जुलाई, 1972 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट .	1433
1 जुलाई, 1972 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु सम्बन्धी आंकड़े .	1443

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	781
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1187
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	75
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	1047
PART II—SECTION 1.—Arts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Govtrnment of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories).	1861
PART II—SECTION 3.—SUB.SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) . .	2991
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence . .	409
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India . .	1025
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta . .	223
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	75
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1193
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies . .	145
SUPPLEMENT No. 31—	
Weekly Epidemiological Reports for week-ending 22nd July, 1972	1433
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week end 1st July, 1972	1443

भाग I—खण्ड 1

(PART I—SECTION 1)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 18 जुलाई 1972

सं० 92-प्रेज/72—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की सांझियाओं में वीरता के लिए 'वीर चक्र' प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं:—

1. स्क्वाड्रन लीडर इकबाल सिंह बिन्द्रा (6360)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, स्क्वाड्रन लीडर इकबाल सिंह बिन्द्रा एक अग्रिम हवाई अड्डे पर एक लड़ाकू बमवर्षक स्क्वाड्रन की एक टुकड़ी की कमान कर रहे थे। 17 दिसम्बर, 1971 को एक लड़ाकू हवाई गश्त के दौरान, उन्होंने देखा कि शत्रु का एक एफ-104 वायुयान हवाई अड्डे की ओर आ रहा है। इससे पहले कि वह हवाई अड्डे पर आक्रमण कर पाता, उन्होंने उसे युद्ध में उलझा लिया। जोरदार मुकाबिले के सामने शत्रु के वायुयान को अपना मंसूबा छोड़ना पड़ा और उसने बच निकलने का प्रयत्न किया परन्तु स्क्वाड्रन लीडर इकबाल सिंह बिन्द्रा ने उसका पीछा किया और उसे मार गिराया। संक्रियात्मक कार्य करने के अतिरिक्त उन्होंने वायुयानों की उच्चस्तर की सेवाक्षमता का भी पूरा ध्यान रखा।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर इकबाल सिंह बिन्द्रा ने उच्च-कोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. स्क्वाड्रन लीडर प्रीत पाल सिंह गिल (6342)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, स्क्वाड्रन लीडर प्रीत पाल सिंह गिल ने शत्रु क्षेत्र के बहुत अन्दर तक, महत्वपूर्ण और अति सुरक्षित ठिकानों पर रात में कई सफल उड़ानें भर कर बमबारी की और शत्रु के भारी मुकाबले की परवाह न करते हुए शत्रु के आस्थानों को भारी क्षति पहुंचाई।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर प्रीत पाल सिंह गिल ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

3. स्क्वाड्रन लीडर दिलीप कुमार दास (6334)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में, पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान स्क्वाड्रन लीडर दिलीप कुमार दास ने एक लड़ाकू बमवार स्क्वाड्रन में पायलट के रूप में कई संक्रियात्मक उड़ानें भरीं। 5 दिसम्बर, 1971 को उन्हें लोंगेवाला पर उड़ान भर कर शत्रु के उस भारी एवं प्रचण्ड आक्रमण को जिसमें वह टैंक आगे ला रहा था, नष्ट करने का आदेश दिया गया। भारी जमीनी गोलाबारी के बावजूद, उन्होंने 5 दिसम्बर 1971 को तीन और 6 दिसम्बर, 1971 को एक उड़ानें भरके शत्रु पर प्रहार किए और उस के चार टैंक बहुत सी मोटर-गाड़ियां और सैनिक जमावों को नष्ट किया। इसके इन कार्यों ने निश्चित रूप से शत्रु को हतोत्साहित कर दिया।

इस कार्यवाही के दौरान स्क्वाड्रन लीडर दिलीप कुमार दास ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

4. स्क्वाड्रन लीडर घनश्याम सिंह थापा (6003)
फ्लाइंग (नेवीगेटर)

दिसम्बर, 1971 मे पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, स्क्वाड्रन लीडर घनश्याम सिंह थापा एक बमबार स्क्वाड्रन में तैनात थे। वे चार बमबार विमानों की उस फार्मेशन के प्रमुख मार्ग-निर्देशक थे जिसने 3/4 दिसम्बर, 1971 की रात को शत्रु के इलाके में काफी अन्दर स्थित महत्वपूर्ण और पाकिस्तानी सुरक्षित वायुसैनिक हवाई अड्डे मसरूर पर पहली बमबारी की। धुंआधार जमीनी गोलाबारी के बावजूद वे अपनी फार्मेशन के वायुयानों को लक्ष्य तक ले गये और ऐन ठिकाने पर सभी बम गिरा कर उसे भारी क्षति पहुंचाई।

इस कार्यवाही के दौरान स्क्वाड्रन लीडर घनश्याम सिंह थापा ने उच्चकोटि की वीरता व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया।

5. स्क्वाड्रन लीडर संजय कुमार चौधरी (5863)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, स्क्वाड्रन लीडर संजय कुमार चौधरी पूर्वी क्षेत्र में तैनात थे। 7/8 दिसम्बर, 1971 की रात को सिलहट में जो कि उस समय शत्रु के कब्जे में था, हेलिकाप्टरों से एक बटालियन सेना उतारने की विशेष कार्यवाही प्रारम्भ की गई। स्क्वाड्रन लीडर चौधरी ने स्वेच्छा से अपनी सेवाएं अर्पित कीं। वहां जाकर पहले

दस्ते को उतारा, डट गये और रोशनी करने के कार्य को स्वयं अपने हाथ में लिया। इस कार्यवाही के दौरान हेलिकाप्टर अवतरण क्षेत्र में दुश्मन ने भारी गोलाबारी की। अपनी सुरक्षा की तनिक भी चिन्ता न करके उन्होंने एक जवान की सहायता से अवतरण क्षेत्र को रोशन करने का प्रयास किया। थोड़ी ही देर बाद इनका साथी जवान दुश्मन की गोलाबारी में काम आया। परन्तु स्क्वाड्रन लीडर चौधरी निडर होकर अकेले ही रोशनी करते रहे और रात भर अवतरण क्षेत्र को उजागर रखा। इससे हेलिकाप्टरों से जवानों को उतारने का काम सारी रात जारी रहा और सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस कार्यवाही के दौरान स्क्वाड्रन लीडर संचय कुमार चौधरी ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

6. स्क्वाड्रन लीडर जसबीर सिंह (5783)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान स्क्वाड्रन लीडर जसबीर सिंह एक लड़ाकू बमबार स्क्वाड्रन के वरिष्ठ पायलट थे। उन्होंने 6 दिसम्बर, 1971 को लोंगेवाला क्षेत्र में शत्रु के ठिकानों के पीछे काफी दूर तक, एक सामरिक टोह के लिए उड़ान भरी और बड़े महत्व की विस्तृत जानकारी एकत्र कर लाए जिससे इस क्षेत्र में लड़ाई का रुख बदल कर हमारे पक्ष में हो गया। बाद में, उसी दिन उन्होंने उसी क्षेत्र में एक टैंक और बहुत सी मोटर-गाड़ियां नष्ट कीं। 9 दिसम्बर, 1971 को उन्होंने फिर, एक और अत्यन्त लाभदायक सामरिक टोह उड़ान के दौरान भारी जर्मनी गोलाबारी के बावजूद, उन्होंने शत्रु के चार टैंकों पर हमला करके उन्हें नष्ट कर दिया। इनकी उड़ानें इस क्षेत्र में शत्रु के आक्रमण को असफल बनाने में कारगर सिद्ध हुई।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर जसबीर सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

7. स्क्वाड्रन लीडर विष्णु नारायण जौहरी (5676)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान स्क्वाड्रन लीडर विष्णु नारायण जौहरी एक लड़ाकू बमबार स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे। 5 दिसम्बर, 1971 को जब वे एक सामरिक टोह उड़ान का नेतृत्व कर रहे थे तब उन्होंने भावल नगर के पास टैंक ले जाती हुई एक रेल-गाड़ी को देखा। उन्होंने फौरन उस पर हमला कर दिया। इस हमले के दौरान विमान-भेदी तोपों की मार से उनके विमान के बाएं पंख को क्षति पहुंची, परन्तु उन्होंने अविचलित और निडरता से, अपनी सुरक्षा की तनिक भी चिन्ता न करके, अपना हमला जारी रखा और शत्रु के बहुत से टैंक नष्ट कर दिए। हमला करके वापस आने के बाद उन्होंने देखा कि उनके विमान के बांएं पंख को आग लगी हुई है। भारी सूझबूझ और कुशल उड़ान से, वे अपने अपंग विमान को सफलतापूर्वक वापिस अड्डे पर ले आए। उन्होंने और भी बहुत सी सफल उड़ानें भरी।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर विष्णु नारायण जौहरी ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया।

8. स्क्वाड्रन लीडर अशोक प्रताप राव शिंदे (5671)
फ्लाइंग (पायलट)

स्क्वाड्रन लीडर अशोक प्रताप राव शिंदे, दिसम्बर, 1971 की पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, एक लड़ाकू स्क्वाड्रन में सर्विस पायलट के रूप में कार्य कर रहे थे। इन्होंने हमारी सेना की सहायता में कई जमीनी हमलों का नेतृत्व किया। छम्ब जोरियां क्षेत्र में दो मोर्चों पर शत्रु के टैंकों को आगे बढ़ने से रोकने का श्रेय उनको ही है। भारी विमान-भेदी तोपों की गोलाबारी के बावजूद, अपनी जान को हथेली पर रख कर उन्होंने अपनी फार्मेशन के आक्रमण का नेतृत्व किया, और शत्रु के 7 टैंक और 27 गाड़ियों को नष्ट कर दिया। इस क्षेत्र में हमारी थल-सेनाओं को शत्रु के दबाव से मुक्त कराने में इस कार्यवाही ने निर्णायक योगदान दिया।

आद्योपान्त लीडर अशोक प्रताप राव शिंदे ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

9. स्क्वाड्रन लीडर चरणजीत सिंह संधु (5591)
फ्लाइंग (पायलट)

स्क्वाड्रन लीडर चरणजीत सिंह संधु, दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान एक हेलिकाप्टर-यूनिट की कमान कर रहे थे। 7/8 दिसम्बर, 1971 की रात, उन्होंने पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के मोर्चों के काफी अन्दर हेलिकाप्टरों से सेना उतारने की कार्यवाही का खुद नेतृत्व किया। पहली कार्यवाही के दौरान शत्रु ने उन पर गोलाबारी कर दी फिर भी उन्होंने सैनिकों को हेलिकाप्टरों से उतारने में सफलता प्राप्त की। उसी रात, उन्होंने ऐसी पांच और उड़ानों में भाग लिया। संक्रियाओं के दौरान उन्होंने ऐसी कुल 34 जोखम भरी कार्य-वाहियों का नेतृत्व किया।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर चरणजीत सिंह संधु ने उच्च-कोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया।

10. स्क्वाड्रन लीडर कल्याण कुमार दत्त (5450)
फ्लाइंग (नेविगेटर)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, स्क्वाड्रन लीडर कल्याण कुमार दत्त ने एक बमवर्षक स्क्वाड्रन में दिशा निदेशक नेता के रूप में स्क्वाड्रन की लगातार सफलताओं में भारी योगदान दिया। उन्होंने स्क्वाड्रन को सभी उड़ानों और रूट मिशनों का मार्ग-निर्देशन बड़ी सूझबूझ और होशियारी से किया। अपने स्क्वाड्रन, कमांडर के नेविगेटर होने के अलावा उन्होंने बहुत कठिन और खतरनाक उड़ानों को खुद भरा। रात के समय एक हवाई अड्डे पर हमला करने के लिए विशेष रूप से भरी गई उड़ान में उन्होंने बहुत नीची, 100 से 200 फुट तक की, उड़ान का सफल मार्ग-निर्देशन

किया, वह भी पहाड़ी इलाके में। परिणामस्वरूप पहले ही हमले में दौड़पथ नष्ट कर दिया गया।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर कल्याण कुमार दत्त ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया।

11. स्क्वाड्रन लीडर सिंघघट्टा सुब्बारामू (5371)
फलाइंग (पायलट)

स्क्वाड्रन लीडर सिंघघट्टा सुब्बारामू, दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान एक लड़ाकू स्क्वाड्रन में तैनात थे। उन्होंने लड़ाकू हवाई गश्त, दूसरे वायुयानों आदि के संगरक्षक और शत्रु के वायुयानों को बीच रास्ते में रोकने के लिए कुल 32 उड़ानें भरीं। उन्होंने ये उड़ानें पहाड़ी इलाकों में, खराब मौसम और रात के घटाटोप अंधेरे में भरीं। ऐसी हर संगरक्षण उड़ान के दौरान उन्होंने इस बात का ध्यान रखा कि हमारे प्रहारक दल पर शत्रु हवाई हमले न कर सकें। इसी से प्रहारक दल अपने लक्ष्यों पर सफल हमले कर सके। साथ ही, वे हर बार प्रहारक दल को ठिकाने पर सुरक्षित लौटा लाते रहे।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर सिंघघट्टा सुब्बारामू ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया।

12. स्क्वाड्रन लीडर दिनेश चन्द्र भण्डारी (5219)
फलाइंग (नेविगेटर)

स्क्वाड्रन लीडर दिनेश चन्द्र भण्डारी, दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, एक संक्रियात्मक बममार स्क्वाड्रन में कार्य कर रहे थे। वरिष्ठ नेविगेटर के नाते शत्रु के विभिन्न दुभेदय लक्ष्यों पर हवाई हमलों के नेतृत्व और उनकी योजना तैयार करने की जिम्मेदारी उन पर थी। उन्होंने शत्रु के उस इलाके में काफी भीतर स्थित लक्ष्यों पर नौ हवाई हमले किए जो विमानों और जमीन पर लगी विमान भेदी तोपों से भली-भांति सुरक्षित थे। उन्होंने कुछ उड़ानें तो दिन की रोशनी में भरीं, हालांकि यह काम बड़े जोखम का था। शत्रु के लक्ष्यों पर इन हमलों में उन्होंने दृढ़-निश्चय, साहस और सुझबूझ का परिचय दिया, जिसने दूसरे नेविगेटरों को भी प्रेरणा दी। अन्य कई कार्यवाहियों में भी इनके कुशल मार्ग दर्शन और उचित परामर्श से सफलता मिली।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर दिनेश चन्द्र भण्डारी ने उच्च-कोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

13. स्क्वाड्रन लीडर किरपाल सिंह (5115), वी० एम०
फलाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, स्क्वाड्रन लीडर किरपाल सिंह ने अपनी जान हथेली पर रख कर, शत्रु के वायु और थल सेना के भारी विरोध के बावजूद, 9 सफल संक्रियात्मक उड़ानें भरीं। इन उड़ानों से मिली सूचनाएं हमारी थल और वायु सेनाओं के लिए बड़ी काम की सिद्ध हुई, इन्हीं के आधार पर हमारी सेनाओं ने तेजी से कार्यवाही करके शत्रु का जमाव तोड़ने में सफलता प्राप्त की।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर किरपाल सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

14. स्क्वाड्रन लीडर अनिल कुमार भद्रा (5114)
फलाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, स्क्वाड्रन लीडर अनिल कुमार भद्रा ने एक बमबार स्क्वाड्रन के फ्लाइट कमांडर के रूप में शत्रु सीमा में काफी अन्दर तक जाकर रात्रि में बमवर्षक उड़ानें कीं और उनका नेतृत्व भी किया तथा शत्रु के अत्यन्त महत्वपूर्ण और सुरक्षित सैनिक ठिकानों पर आक्रमण किया। एक बार नीची उड़ान भरते समय, उन पर शत्रु ने विमान भेदी तोपों से आक्रमण कर दिया। फिर भी, उन्होंने अपना आक्रमण जारी रखा और लक्ष्यों पर बमवर्षा करके, शत्रु को बहुत अधिक नुकसान पहुंचाया।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर अनिल कुमार भद्रा ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया।

15. स्क्वाड्रन लीडर जसजीत सिंह (5100)
फलाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, स्क्वाड्रन लीडर जसजीत सिंह ने शत्रु के अत्यन्त सुरक्षित ठिकानों पर अनेकों संक्रियात्मक उड़ानें भरीं। जमीनी भारी गोलाबारी के बावजूद, उन्होंने अपने आक्रमण जारी रखे और शत्रु के अनेक टैंकों, तोपखानों और बंकरों को नष्ट किया। साथ ही वे, वायुयानों की देख-रेख का भी निरीक्षण करते रहे, और इस प्रकार आक्रमण के लिए अधिक से अधिक वायुयान उपलब्ध कराए।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर जसजीत सिंह ने उच्च कोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

16. स्क्वाड्रन लीडर रवीन्द्रनाथ बाली (5059)
फलाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, स्क्वाड्रन लीडर रवीन्द्रनाथ बाली एक लड़ाकू बमबार स्क्वाड्रन के वरिष्ठ पायलट थे। उन्हें लोंगेवाला में बढ़ती हुई शत्रु की एक विशाल टैंक रेजिमन्ट को नष्ट करने को भेजा गया। उन्होंने 5 दिसम्बर, 1971 के तीन प्रहारक उड़ानों और 6 दिसम्बर, 1971 को एक उड़ान का नेतृत्व किया। इन आक्रमणों में उन्होंने शत्रु की भारी विमान-भेदी तोपों की गोलाबारी के बावजूद, बल्कि कई बार तो शत्रु की वायुसेना के कड़े विरोध के बावजूद भी, उसके तीन टैंक नष्ट किए और अन्य अनेक टैंकों और गाड़ियों को भारी क्षति पहुंचाई। 7 दिसम्बर, 1971 को उन्होंने उसी क्षेत्र पर एक प्रहारक उड़ान का फिर नेतृत्व किया और दो टैंक नष्ट किए। इस आक्रमण में दूसरी उड़ान से लौटते समय उनके वायुयान पर जमीन से गोला लगा और नियंत्रण सतहों का आधा भाग उड़ गया। वायुयान को पहुंची इस क्षति के बावजूद वे उसे कुशलतापूर्वक अड्डे पर वापस ले आए। उनकी उड़ानों

ने शत्रु के आक्रमण को विफल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया और संक्रियाओं की पूर्ण सफलता में सहायता दी।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर रवीन्द्रनाथ बाली ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया ।

17. स्क्वाड्रन लीडर सुरेश दामोदर कर्णिक (5056)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, स्क्वाड्रन लीडर सुरेश दामोदर कर्णिक एक बममार स्क्वाड्रन के फ्लाइट कमांडर थे । उन्होंने पश्चिमी और पूर्वी, दोनों क्षेत्रों में, दिन में तथा रात को, 6 बहुत महत्वपूर्ण और कठिन उड़ानें भरीं और शत्रु के हवाई अड्डों पर बम वर्षा की तथा शत्रु के बोटों पर भी दिन में आक्रमण करके उन्हें नष्ट किया । इन हवाई आक्रमणों में उन्हें शत्रु की भारी विमान भेदी गोलाबारी का सामना करना पड़ा, जिसके फलस्वरूप उनका वायुयान गोला लगने से क्षतिग्रस्त हो गया । इस सब के बावजूद, उन्होंने अपने आक्रमण जारी रखे और शत्रु के अनेकों बोटें नष्ट कीं । शत्रु की विमान भेदी तोपों की भारी गोलाबारी के बावजूद, उन्होंने चटगांव के हवाई अड्डे पर बमबारी करने के लिए दिन में उड़ान भरी । इस उड़ान में, उन्होंने बमबारी करके शत्रु के पेट्रोल—तेल के विशाल भंडार को नष्ट कर दिया । अपने हिस्से की उड़ानें भरने के अतिरिक्त, उन्होंने उड़ानों की निगरानी और फ्लाइट के प्रशासन में भी सहयोग दिया ।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर सुरेश दामोदर कर्णिक ने उच्च-कोटि की वीरता, दृढ़ निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

18. स्क्वाड्रन लीडर कृष्ण कुमार बख्शी (5012)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान स्क्वाड्रन लीडर कृष्ण कुमार बख्शी लड़ाकू बममार स्क्वाड्रनों में से एक के वरिष्ठ पायलट थे । 6 दिसम्बर, 1971 को वह नया छोड़ और धोरां क्षेत्र पर एक मिशन की अगुआई कर रहे थे । जब उनका मिशन लक्ष्य की ओर बढ़ रहा था तो उनके नम्बर दो ने शत्रु के चार सैबर वायुयानों की एक फार्मेशन देखी । यद्यपि शत्रु संख्या में अधिक था तो भी वह शत्रु के वायुयान की ओर मुड़े और उन्हें हवाई युद्ध में उलझा लिया और इस मुठभेड़ में एक सैबर वायुयान को मार गिराया । इसके अतिरिक्त, शत्रु की भारी जमीनी गोलाबारी के बावजूद उन्होंने अनेक हवाई हमलों का नेतृत्व किया जिनके कारण शत्रु के सुरक्षित मोर्चों, गाड़ियों और सेनाओं को भारी नुकसान पहुंचा ।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर कृष्ण कुमार बख्शी ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया ।

19. स्क्वाड्रन लीडर ऐलन डेविड अले (4975)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन के फ्लाइट कमांडर के रूप में स्क्वाड्रन लीडर ऐलन डेविड अले ने हमारी थल सेनाओं की सहायता, शत्रु के हवाई हमलों को रोकने और उसके ठिकानों पर हमले के करने के लिए 15 संक्रियात्मक उड़ानें भरीं । 4 और 6 दिसम्बर के बीच उन्होंने पूर्वी क्षेत्र के सैदपुर इलाके में हवाई हमलों की अगुआई की और तीन स्टीमर तथा चार रेलगाड़ियां बरबाद कर दीं । उन्होंने तीन मार्शल यार्डों को भी भारी नुकसान पहुंचाया और चार पुलों तथा चार बंकरों को भी बरबाद कर दिया । पश्चिमी क्षेत्र में, स्याल-कोट और वजीराबाद के मार्शल-यार्डों पर किए गए एक हवाई हमले के वे उप-नेता थे । शत्रु की भारी जमीनी गोलाबारी के बाव-जूद, उन्होंने मार्शल-यार्डों को भारी नुकसान पहुंचाया ।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर ऐलन डेविड अले ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया ।

20. स्क्वाड्रन लीडर गुरसरन सिंह अहलुवालिया (4912)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान स्क्वाड्रन लीडर गुरसरन सिंह अहलुवालिया एक बममार स्क्वाड्रन के वरिष्ठ फ्लाइट कमांडर थे । वे यूनिट की बममारी की कार्य-वाहियों की योजना, सामरिक चालों, शस्त्र पहुंचाने और सब प्रकार की निगरानी के जिम्मेदार थे । उनके योजना बनाने और फिर उन पर अमल करने की कुशलता ने दूसरे वायु और भू-कर्मियों को भी प्रेरणा दी । योजना पूरी करने के सिलसिले में, उन्होंने सात उड़ानें भरीं, जिनमें से तीन बार तो शत्रु की भारी विमान भेदी गोलाबारी के कारण उनका वायुयान क्षतिग्रस्त भी हुआ परन्तु इसके बावजूद उन्होंने अपने मिशन सफलता से पूरे किए ।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर गुरसरन सिंह अहलुवालिया ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसयिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया ।

21. स्क्वाड्रन लीडर चरन जीत सिंह (4823), वी० एस० एम०
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान स्क्वाड्रन लीडर चरन जीत सिंह ने शत्रु के इलाके पर अनेक उड़ानें भरीं और शत्रु क्षेत्र के लक्ष्यों और उसके सैन्य-विन्यास के बारे में बहुत ही मूल्यवान सूचनाएं लाए, जिनसे हमलों की योजना बनाने और उन्हें कार्यान्वित करने में बड़ी मदद मिली । पूरा खतरा मोल ले कर भी, उन्होंने स्वेच्छा और प्रसन्नता से, ये उड़ानें भरी । इन उड़ानों में, वे दिन में ही निडर हो कर शत्रु के इलाके में बहुत दूर तक घुस गए ।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर चरन जीत सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

22. फ्लाइट लेफ्टिनेंट सुरिन्दर सिंह मल्होत्रा (8449)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट सुरिन्दर सिंह मल्होत्रा एक लड़ाकू बमवार स्क्वाड्रन में काम कर रहे थे । 12 दिसम्बर को उन्हें रिसालवाला हवाई अड्डे, जो शत्रु क्षेत्र में काफी अन्दर था, के फोटो लाने के लिए तैनात किया गया । 4 किलोमीटर की ऊंचाई से फोटो लेने थे ताकि पूरे हवाई अड्डे के चित्र आ जाएं । जब वे इतनी ऊंचाई पर आए तो उन्होंने देखा कि हवाई अड्डे पर शत्रु के दो मिग-19 वायुयान उड़ रहे हैं । इन में से एक वायुयान उनसे आगे दाएं को था और

उनकी तरफ मुड़ कर आ रहा था। उन्होंने दक्षता से अपने वायुयान को घुमाया और अपने को मिग-19 के पीछे कर लिया। जैसे ही शत्रु का वायुयान उनकी गोलाबारी की सीमा में आया, उन्होंने गोलाबारी शुरू कर दी और देखा कि शत्रु के वायुयान से धुआं निकल रहा था और वह नीचे को जा रहा था। इस मुठभेड़ के बाद वे अपने वायुयान को अपने अड्डे पर सुरक्षित वापस ले आए। इससे पहले के अवसरों पर भी, उन्होंने इसी हवाई अड्डे के फोटो लिए थे और अपने साथ बहुत अच्छे फोटो लाए थे, जोकि हमारी संक्रियाओं और योजना के लिए बहुमूल्य सिद्ध हुए थे। इसके अतिरिक्त जमीन से शत्रु की भारी गोलाबारी के बीच उन्होंने कई बार उड़ानें भर कर निकट से हवाई सहायता प्रदान की और शत्रु के वायुयानों को बीच में रोका।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेंट सुरिन्दर सिंह मल्होत्रा ने उच्च-कोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

23. फ्लाइट लेफ्टिनेंट रमेश चन्दर गोसाई (9447)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेंट रमेश चन्दर गोसाई को, जो कि एक लड़ाकू बमबार स्क्वाड्रन में पायलट थे, 5 दिसम्बर और 6 दिसम्बर, 1971 को लोंगेवाला पर शत्रु के भारी हल्ले पर आक्रमण करने का कार्य सौंपा गया। शत्रु की भारी जमीनी गोलाबारी के बावजूद उन्होंने उसके पांच टैंक कई तोपखानों और कई गाड़ियों को तहस नहस कर दिया।

इस कार्यवाही में फ्लाइट लेफ्टिनेंट रमेश चन्दर गोसाई ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

24. फ्लाइट लेफ्टिनेंट इकबाल अली सैयद (8420)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेंट इकबाल अली सैयद एक लड़ाकू बमबार स्क्वाड्रन में काम कर रहे थे। उन्होंने कई संक्रियात्मक उड़ानें भरीं और नौ टैंक, आठ गाड़ियां, एक तोपखाने, एक तेल भंडार, एक इमारत, एक प्रेक्षण बुर्ज और एक तेल ने भरी रेलगाड़ी नष्ट की। उन्होंने ऐसे स्थानों पर भी आक्रमण किया जहां शत्रु की सेना और टैंकों आदि का जमाव था।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेंट इकबाल अली सैयद ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

25. फ्लाइट लेफ्टिनेंट महाबीर प्रसाद प्रेमी (8378)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेंट महाबीर प्रसाद प्रेमी राजस्थान सेक्टर में एक हेलिकोप्टर टुकड़ी की कमान कर रहे थे। 6 दिसम्बर 1971 को जब वे हताहतों को बाहर निकालने में लगे हुए थे, उन्होंने अपने हेलिकोप्टर के पास एक बिना फटा बम देखा। उन्होंने अनुभव किया यदि बम फट गया तो उनके हेलिकोप्टर को क्षति पहुंचेगी इसलिए उन्होंने हेलिकोप्टर को उड़ा ले जाने का निर्णय किया। उन्होंने हेलिकोप्टर चालू किया ही था कि हवाई अड्डे पर हवाई हमले की चेतावनी दी गई। इसके बावजूद, उन्होंने उड़ान की और हेलिकोप्टर को सुरक्षित क्षेत्र में जा उतारा। इसके तुरन्त बाद, बम फट गया, किन्तु उनकी समयोचित कार्यवाही से हेलिकोप्टर बच गया। 11 दिसम्बर, 1971 को उन्होंने एक ऐसे क्षेत्र से हताहतों को निकाला, जिस पर उस समय शत्रु हवाई हमला कर रहा था।

इस कार्यवाही में फ्लाइट लेफ्टिनेंट महाबीर प्रसाद प्रेमी ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

26. फ्लाइट लेफ्टिनेंट गोविन्द चन्द्र सिंह राजवाड़ (8103), वी० एस० एम०
फ्लाइंग (नेविगेटर)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, लेफ्टिनेंट गोविन्द चन्द्र सिंह राजवाड़ ने अनेकों जोखिम पूर्ण उड़ानें कीं और उन्हें सफलता पूर्वक सम्पन्न किया। इन उड़ानों से प्राप्त सूचनाओं से हमें अपनी कार्यवाहियों की संक्रियात्मक योजना बनाने और उन्हें सफलता से पूरा करने में काफी सहायता मिली।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेंट गोविन्द चन्द्र सिंह राजवाड़ ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

27. फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहिन्दर सिंह सन्धु (8101)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट मोहिन्दर सिंह सन्धु ने शत्रु के इलाके पर संक्रिया-त्मक टोह के लिए कई उड़ानें भरीं। 4 दिसम्बर, 1971 को उन्हें सरगोधा पर रात की हवाई उड़ान के लिए तैनात किया गया। उन्होंने इस उड़ान को सफलतापूर्वक पूरा किया।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहिन्दर सिंह सन्धु ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

28. फ्लाइट लेफ्टिनेंट शिविन्दर सिंह बेन्स (7727)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शिविन्दर सिंह बेन्स ने एक फाइटर स्क्वाड्रन के पायलट की हैसियत से पुंछ, उड़ी और कारगिल क्षेत्रों में हमारी थलसेना की निकट से सहायता के लिए 14 संक्रियात्मक उड़ानें भरीं। शत्रु की थल सेनाओं के भारी विरोध के बावजूद उन्होंने काफी अन्दर तक शत्रु के इलाके में उड़ानें भरी। उन्होंने हाजीपीर के पहाड़ी भाग में शत्रु के ट्रकों के दो काफलों को नष्ट कर दिया। इनमें से एक उड़ान में, पुंछ क्षेत्र में उनके वायुयान पर जमीन से गोली लगी, फिर भी वायुयान को अड्डे पर सुरक्षित वापिस ले आए।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेंट शिविन्दर सिंह बेन्स ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

29. फ्लाइट लेफ्टिनेंट हरबंस परमिन्दर सिंह (7485)
फ्लाइंग (नेविगेटर)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट हरबंस परमिन्दर सिंह एक मबवार स्क्वाड्रन में सेवारत थे। 5 दिसम्बर, 1971 को उन्हें शत्रु के एक हवाई अड्डे पर आक्रमण करने के लिए भेजा गया। लक्ष्य तक पहुंचने के लिए शत्रु-सीमा के काफी अन्दर तक जाना पड़ता था और रास्ते में शत्रु के रेडार काफी संख्या में लगे थे। स्वयं लक्ष्य की रक्षा के लिए भी शत्रु के लड़ाकू वायुयान और विमानभेदी तोपें सन्नद्ध थीं। फिर भी, वे लक्ष्य तक पहुंच गए और सही निशाने से बमबारी की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 6 अन्य मिशन भी सफलतापूर्वक पूरे किये।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेंट हरबंस परमिन्दर सिंह ने उच्च-कोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

30. फ्लाइट लेफ्टिनेंट नितिन गजानन जुझारकर (7477)
फ्लाइंग (नेविगेटर)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेंट नितिन गजानन जुझारकर ने शत्रु के प्रदेश के ऊपर फोटो-टोह के लिए बहुत सी जोखिम भरी उड़ानें भरीं। उन्हें जो भी कार्य सौंपा गया, उन्होंने उसे सदा पूरा किया। उन्होंने इन उड़ानों में जो सूचनाएं एकत्र कीं, उनसे युद्ध के सफल-संचालन में काफी सहायता मिली।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेंट नितिन गजानन जुझारकर ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल औल कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

31. फ्लाइट लेफ्टिनेंट सैयद शहीद हुसैन नकवी (7193)
फ्लाइंग (पायलट)

फ्लाइट लेफ्टिनेंट सैयद शहीद हुसैन नकवी दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान एक लड़ाकू स्क्वाड्रन में काम कर रहे थे। उन्होंने शत्रु-प्रदेश के भीतर घुस कर 19 उड़ानें भरीं। 9 दिसम्बर, 1971 को जब वे पश्चिमी क्षेत्र में एक इलाके की सामरिक नजरी टोह के मिशन पर थे, तो शत्रु की भारी जमीनी गोलाबारी के बावजूद वे शत्रु के क्षेत्र पर करीब 12 मिनट उड़ान भरते रहे और महत्वपूर्ण सूचनाएं लाए। उन्होंने 3 रेलवे यार्डों पर अनेक आक्रामक उड़ानें कीं। हालांकि शत्रु ने इस क्षेत्र की सुरक्षा का पूरा प्रबन्ध कर रखा था, फिर भी उन्होंने आक्रमण जारी रखा और ईंधन तथा अन्य सामान ले जाती हुई कई गाड़ियों में आग लगा दी। इन मिशनों के दौरान उनका निशाना अचूक और कारगर रहा, और उनके कौशल के ही कारण हमारे सभी वायुयान अपने मिशनों से सुरक्षित वापस लौट सके।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेंट सैयद शहीद हुसैन नकवी ने उच्च-कोटि की वीरता व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

32. फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनजीत सिंह ढिल्लों (7021), वी०एम०
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनट मनजीत सिंह ढिल्लों ने छम्ब, शकरगढ़ और पुंछ के क्षेत्रों में 27–50 घन्टों की 50 उड़ानें कीं। जौड़ियां क्षेत्र में, उन्होंने 6, 8, 10 और 11 दिसम्बर, 1971 को काफी संख्या में हताहतों को बाहर निकाला। 7 दिसम्बर, 1971 को जब वे छम्ब क्षेत्र में एक मिशन पर थे तो उन्हें ऐसे समय ऊधमपुर हवाई अड्डे से उड़ान करनी पड़ी जबकि शत्रु के वायुयान पास में ही थे। रास्ते में उन्हें शत्रु के 9 वायुयान और भी दिखाई दिए और जब वे जोड़ियां पहुंचे तो शत्रु के वायुयान और तोपें भारी गोलाबारी कर रही थीं। वे चतुरता से हेलिकोप्टर को बहुत नीचे ले आए और अपना मिशन सफलतापूर्वक पूरा किया। 10 दिसम्बर, 1971 को उन्होंने पूरे युद्ध-क्षेत्र की सेक्टर टोह उड़ान का कार्य संभाला और शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद सौंपे गए कार्य को पूरा किया। उसी दिन उन्होंने 15 हताहतों को बाहर निकाला। 11 दिसम्बर, 1971 को उन्होंने शकरगढ़ क्षेत्र के एक कामचलाऊ हेली पैड से 8 हताहत बाहर निकाले।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनजीत सिंह ढिल्लों ने उच्च-कोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

33. फ्लाइट लेफ्टिनेंन्ट चन्द्र मोहन सिंगला (6893),
फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान फ्लाइट लेफ्टिनेंन्ट चन्द्र मोहन सिंगला पूर्वी क्षेत्र में एक हेलीकाप्टर यूनिट में सेवारत थे। 7/8 दिसंबर, 1971 की रात को उन्होंने एक सशस्त्र हेलीकाप्टर में उड़ान की और सिलहट क्षेत्र में हेली-काप्टरों से सेना पहुंचाने के मिशन को रक्षावरण प्रदान किया। इस मिशन के दौरान ,शत्रु ने उन पर जमीन से जोरदार गोलाबारी की जिससे उनके हेलीकाप्टर में 8 गोलियां लगीं फिर भी उन्होंने ये मिशन जारी रखे और 4–1/2 घंटे तक मिशन की रक्षा की। इस बीच, उन्होंने जमीनी लक्ष्यों पर अचूक निशाने से 35 राकेट छोड़े। उसके बाद भी उन्होंने 7 दिसंबर, से 12 दिसंबर तक हर रात शत्रु प्रदेश में और उसके मोर्चों के पीछे तक जोखिम भरी उड़ानें जारी रखीं।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट चन्द्र मोहन सिंगला ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

34. फ्लाइट सूपिटनेंन्ट पुष्प कुमार वैद (6892),
फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971, में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान फ्लाइट लेफ्टिनेंन्ट पुष्प कुमार वैद पूर्वी क्षेत्र में नियुक्त एक हेलीका-प्टर यूनिट में कार्य कर रहे थे। एक बार इस क्षेत्र में एक स्थल सेना टुकड़ी को हवाई रास्ते से ले जाने का निर्णय किया गया। फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट पुष्प कुमार वैद भली-भांति जानते हुए कि हेलीकाप्टर उतारने के क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी नहीं होगी और उतरने पर शत्रु उन पर भारी गोलाबारी करेगा, फिर भी इस मिशन को पूरा करने के लिए स्वयं अपनी सेवाएं अर्पित की और मिशन को सफलता-पूर्वक पूरा किया। इसके बाद भी, उन्होंने शत्रु के मोर्चों के पीछे 34 जोखिम भरी उड़ानें की।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेंन्ट पुष्प कुमार वैद ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

35. फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनबीर सिंह (6771), फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनबीर सिंह पूर्वी क्षेत्र में एक संक्रियात्मक स्क्वाड्रन में तैनात थे। उन्होंने जवाबी हवाई और जमीनी हमले की सहायता के लिए बंगलादेश पर 20 उड़ानें भरीं। एक रक्षार्थ उड़ान के दौरान, उन्होंने शत्रु के वायुयानों को सफलतापूर्वक उलझा लिया जिससे उन्हें उस मुख्य फार्मेशन पर अपने आक्रमण छोड़ने पड़े जो शत्रु के हवाई अड्डे पर आक्रमण कर रही थी। उन्होंने दिन-रात शत्रु के अत्यधिक सुरक्षित हवाई अड्डों पर बमबारी की। उन्होंने सेनाओं, बंकरों, तोपखानों, टैंकों के गढ़ों और रेडियो संचार केन्द्रों जैसे विभिन्न लक्ष्यों पर राकेट तथा बम गिराने में भी भाग लिया। इन लक्ष्यों पर विभिन्न गोलों की तोपें लगी हुई थी और अनेक अवसरों पर उन का विमान जमीनी गोलाबारी का निशाना बना।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनबीर सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और उड़ान दक्षता का परिचय दिया।

36. फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनजीत सिंह सेखों (6756), वी एम, फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनजीत सिंह सेखों, अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू स्क्वाड्रन की एक टुकड़ी की कमान कर रहे थे। उन्होंने जम्मू और कश्मीर के अति दुर्गम क्षेत्र में कम ऊंचाई पर 14 उड़ानें भरीं और शत्रु के कई बंकरों, गाड़ियों, तोपों, मार्टरों और तेल और गोला-बारूद के भंडारों को भारी क्षति पहुंचाई। उन्होंने ये उड़ानें भारी जमीनी गोलाबारी के बावजूद कीं। कारगिल, टिथवाल, पुंछ और उड़ी युद्ध-क्षेत्रों में उन्होंने अपनी थल सेनाओं की सफलता में ठोस योगदान दिया। उन्होंने इस बात का भी ध्यान रखा कि वायुयान अच्छी से अच्छी हालत में रहे।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनजीत सिंह सेखों ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

37. फ्लाइट लेफ्टिनेंट कुक्के श्रीकान्तशास्त्री सुरेश (6742), फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेंट कुक्के श्रीकान्तशास्त्री सुरेश एक लड़ाकू बमवर्षक स्क्वाड्रन में थे। 5 दिसंबर, 1971 को उन्हें लोंगेवाला में शत्रु के उस प्रचंड आक्रमण को, जिसमें उसने एक रेजिमेन्ट टैंक आगे रखे हुए थे, नाकाम करने का आदेश दिया गया। भारी जमीनी गोलाबारी के बावजूद, इस कार्यवाही के दौरान, उन्होंने दो टैंकों को नष्ट किया और बहुत से अन्य टैंकों को क्षति पहुंचाई। आक्रमण के दौरान उनके वायुयान पर नीचे से एक गोला लगा जिससे वायुयान को क्षति पहुंची परंतु वे उसे कुशलतापूर्वक अड्डे पर सुरक्षित लौटा लाए। 13 दिसंबर, 1971 को, बमबारी पर जाते हुए, उन्होंने एक सैबर जैट को उलझाया और उसे मार गिराया।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेंट कुक्के श्रीकान्तशास्त्री सुरेश ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

38. फ्लाइट लेफ्टिनेंट परमिन्दर पाल सिंह कवात्रा (11383) फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट परमिन्दर पाल सिंह कवात्रा एक लड़ाकू स्क्वाड्रन में कार्य कर रहे थे। उन्होंने पुंछ, उड़ी, टिथवाल और कारगिल क्षेत्रों में अनेक उड़ानें भरीं। इनमें से तीन उड़ानों में तो वे मिशन के नेता थे। उन्होंने सभी मिशनों में सफलता प्राप्त की। 15 और 16 दिसंबर, 1971 को जब वे शत्रु की चौकियों पर आक्रमण कर रहे थे तो उनके वायुयान के इंजन बंद हो गए, किन्तु उन्होंने इंजनों को पुनः चालू करके आक्रमण जारी रखे। 15 दिसंबर, 1971 को, शत्रु के हवाई हमले में हमारे एक हवाई अड्डे के ब्लास्ट पेन के छद्मावरण-जाल में आग लग गई। सर पर मंडराते शत्रु के वायुयानों की परवाह किए बिना वे तुरंत उसकी ओर भागे और उन्होंने आग बुझा दी।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट परमिन्दर पाल सिंह कवात्रा ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

39. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विस्टन रबिन्दर संजीव राव (10191) फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विस्टन रबिन्दर संजीव राव राजस्थान क्षेत्र में एक ब्रिगेड के वायु संपर्क दल में अग्रिम वायु नियंत्रक के रूप में तैनात थे। वायु संपर्क दल के सदस्य युद्ध-क्षेत्र में ऐसे खास-खास ठिकानों पर मोर्चा जमाते हैं जहां से वे दुश्मन के लक्ष्यों को भली-भांति देख सकें और आक्रमण के लिए भेजे जाने वाले वायुयानों के पायलटों को सही लक्ष्यों तक पहुंच पाने के लिए उनका रेडियो से मार्ग-दर्शन कर सकें। 5 दिसंबर, 1971 को थलसेना का एक गश्ती प्लाटून दुश्मन के तोपखाने, मार्टर और मशीन गन की भारी गोलाबारी में फंस गया। इस दस्ते की सहायता के लिए तुरंत सैनिकों की एक कंपनी भेजी गई और फ्लाइट लेफ्टिनेंट राव को उसके साथ जाने के लिए कहा गया। वे ऊंट पर सवार हो कर तुरंत उस क्षेत्र में पहुंचे और एक ऊंचे रेत के टीले पर, जो शत्रु की गोलाबारी की हद में था, मोर्चा जमाया और वहां से वे शत्रु के ठिकानों तक पहुंचने के लिए अपने वायुयानों का मार्ग-दर्शन करते रहे। फिर 7 दिसंबर, 1971 को जब एक अन्य कंपनी ने, जिस पर शत्रु ने भारी गोलाबारी शुरू कर दी थी, 17—15 बजे शत्रु पर हवाई हमला करने की मांग की तो फ्लाइट लेफ्टिनेंट राव ने स्वेच्छा से मौके पर जाकर अग्रिम वायु नियंत्रक का काम संभालना स्वीकार किया हालांकि उनको मालूम था कि सैदान, रेगिस्तान के पार 52 किलोमीटर दूर है, जिसमें से 12 किलोमीटर शत्रु के इलाके में से गुजरना पड़ेगा और उस समय तक दोपहर के 12 बज चुके थे। वे 14—00 बजे सड़क के अंतिम छोर पर पहुंच गए और वहां अपने दस्ते को संगठित करने के बाद अपना रेडियो सेट एक ऊंट पर लादकर स्वयं उसका नेतृत्व करने लगे। वे समय पर सफलतापूर्वक सैदान पहुंच गए, वहां से बड़ी कामयाबी से हवाई हमले का निर्देशन किया और 11 दिसंबर, 1971 को बटालियन मुख्यालय लौट आए। 14 दिसंबर, 1971 को सैदान की हमारी चौकी को 10—00 बजे के करीब शत्रु की एक बटालियन सेना ने घेर लिया और 14—00

बजते-बजते उस पर शत्रु का भारी दबाव बढ़ने लगा। फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट राव ने फिर एक बार घेरा डालने वाली शत्रु की फौज के विरुद्ध हवाई हमले का निर्देश करने के लिए स्वेच्छा से अपनी सेवाएं अर्पित कीं। वे एक जीप में अपने रेडियो सेट के साथ बटालियन मुख्यालय से रवाना हुए और एक कंपनी के एक गश्ती दस्ते के साथ संपर्क स्थापित करने के बाद शत्रु से घिरे हुए सैक्टर के मोर्चे पर जा पहुंचे। शत्रु के हमले को नाकाम बना दिया गया परन्तु रात को उसने फिर हमले की तैयारी कर ली। 15 दिसंबर, 1971 को 08-30 बजे शत्रु पर हवाई हमला करने की मांग की गई, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट राव ने बड़ी कुशलता से उस हवाई हमले को निर्देशन किया जिसके परिणामस्वरूप शत्रु पीछे हटने को मजबूर हो गया और उसे जान-माल की भारी हानि उठानी पड़ी।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विस्टन रविन्दर संजीव राव ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

40. फ्लाइट लेफ्टिनेंन्ट योगेन्द्र प्रसाद सिंह (9867), फ्लाइंग (नेविगेटर)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने कई रात शत्रु के इलाके में काफी अंदर स्थित महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर बमबारी करने के लिए किए गए हवाई हमलों के दौरान, शत्रु के भारी प्रतिरोध के बावजूद, दुर्गम एवं अनजाने क्षेत्र में अपने बमबार वायुयानों के मार्ग-निर्देशन में उच्चकोटि की दिक्चालन कुशलता का परिचय दिया। अन्य वायु कर्मियों के लिए वे प्रेरणा का स्रोत बने रहे।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

41. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट कुलदीप सिंह सहोता (9848), फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट कुलदीप सिंह सहोता ने, लड़ाकू बमवर्षक स्क्वाड्रन में एक पायलट के रूप में, हमारी थल-सेनाओं की सहायता के लिए 13 उड़ानें भरीं। उन्होंने शत्रु के चार टैंक और कुछ भारी तोपें नष्ट कीं। दो अवसरों पर, छम्ब-जोरिया क्षेत्र में शत्रु के टैंकों के जमाव के बारे में वे जो सूचना लाए उससे बाद में किए जाने वाले हमलों की योजना बना कर उन टैंकों को नष्ट करने में सहायता मिली।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट कुलदीप सिंह सहोता ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

42. फ्लाइट लेफ्टिनेंन्ट सुकृतराज जयन्द्र (8423), फ्लाइंग (पायलट),

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट सुकृतराज जयन्द्र पूर्वी क्षेत्र में एक लड़ाकू बमवर्षक स्क्वाड्रन में सेवारत थे। फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट सुकृतराज जयन्द्र, तेज-गांध हवाई अड्डे को जाने वाले चार वायुयानों के फार्मेशन के दो अनुरक्षी वायुयानों की फार्मेशन में नंबर दो थे। इस फार्मेशन पर जब एफ-86 सैबर जेटों ने आक्रमण किया तब उन्होंने शत्रु के एक वायुयान को उलझाया और उसे गोली मार कर नीचे गिरा दिया।

इस कार्यवाही में फ्लाइट लेफ्टिनेंन्ट सुकृतराज जयन्द्र ने उच्च-कोटि की वीरता, दृढ़-संकल्प और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

43. फ्लाइट लेफ्टिनेंन्ट राय एण्ड्रयू मैंसी (8428), फ्लाइंग (पायलट)

22 नवंबर, 1971 को 14-50 बजे पश्चिम बंगाल में बोयरा के निकट हमारी सीमा में घुसपैठ करने वाले चार पाकिस्तानी वायुयानों को बीच में ही रोकने का आदेश दिया गया। फ्लाइट लेफ्टिनेंन्ट राय एण्ड्रयू मैंसी, जो चार नैट वायुयानों की फार्मेशन का नेतृत्व कर रहे थे, उन्हें रोकने के लिए आगे बढ़े। उन्होंने बड़ी चतुराई से अपने सेक्शन से मोर्चाबंदी की, एक सैबर जैट के पीछे जा पहुंचे और उसे मार गिराया। उनके सही अंदाज और फार्मेशन के चतुर फार्मेशन के फलस्वरूप दो और सैबर जैटों को मार गिराया गया। यह सुनिश्चित करने के बाद कि अब कोई और घुसपैठिया हमारी सीमा में नहीं रहा, वह अपनी फार्मेशन को सुरक्षित लौटा लाए।

इस आक्रमण के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेंन्ट राय एण्ड्रयू मैंसी ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया।

44. फ्लाइट लेफ्टिनेंन्ट प्रेम भूषण कालरा (8466), फ्लाइंग (नेवीगेटर)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट प्रेम भूषण कालरा ने 6 बमवर्षक उड़ानों में भाग लिया। प्रत्येक उड़ान के दौरान, वे जमीनी गोलाबारी के ठिकानों को ढूंढ निकालने और उन पर जबाबी हमले करने में सहायक हुए। यद्यपि उनके वायुयान पर तीन अवसरों पर गोली लगी फिर भी उन्होंने अपनी उड़ानें जारी रखीं। 15 दिसंबर, 1971 को, उन्होंने शत्रु सीमा में काफी अन्दर तक उड़ानें भरीं। ढलती सांझ और कम दृश्यता के कारण वायुयान का मार्ग-निर्देशन अत्यंत कठिन हो गया था लेकिन फिर भी उन्होंने ठिकाने पर पहुंच कर बमबारी की।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट प्रेम भूषण कालरा ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

45. फ्लाइट लेफ्टिनेंन्ट नीरज कुकरेजा (8733), फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट नीरज कुकरेजा एक लड़ाकू स्क्वाड्रन में सेवारत थे। 17 दिसंबर, 1971 को जब वे एक बमवर्षक टुकड़ी की अनुरक्षी फार्मेशन का नेतृत्व कर रहे थे, उन्हें शत्रु के दो एफ-104 वायुयान दिखाई पड़े जो प्रहारक टुकड़ी को सीधी चोट पहुंचा सकते थे। उन्होंने अपने नंबर दो को सचेत किया और बमवर्षक टुकड़ी के नेता को भी सूचित किया कि वे शत्रु के वायुयान से टक्कर लेने जा रहे हैं। उन्होंने चतुराई से अपने वायुयान का पैंतरा बदला

और शत्रु के वायुयानों में से एक के पीछे पहुंच गए। थोड़ी देर तक वायु युद्ध करने के बाद, उन्होंने अपने दोनों मिसाइल छोड़ दिए जिसके परिणामस्वरूप शत्रु के वायुयान में आग लग गई और वह टूट कर गिर गया।

इस कार्यवाही में फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट नीरज कुकरेजा ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

46. फ्लाइट लेफ्टिनेंन्ट चिदाम्बरन सारंगपाणि चन्द्रशेखरन (8768),
फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेंन्ट चिदाम्बरन सारंगपाणि चन्द्रशेखरन एक लड़ाकू बमवर्षक में पायलट थे। उन्होंने शत्रु की थल सेनाओं के विरुद्ध 13 संक्रियात्मक उड़ानें भरीं और भारी जमीनी गोलाबारी के बावजूद भी उन्होंने शत्रु के 8 टैंक, 2 तोपें और एक बंकर को नष्ट किया।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट चिदाम्बरन सारंगपाणि चन्द्रशेखरन ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

47. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट चैरी हासानन्द राणे (8782)
फ्लाइंग (पायलट)

4 दिसंबर, 1971 को फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट चैरी हासानन्द राणे ने हुसैनीवाला पर एक हमले का नेतृत्व किया और शत्रु का एक टैंक नष्ट कर दिया। शत्रु की हवाई और जमीनी गोलाबारी के बावजूद भी उन्होंने शत्रु के इलाके पर कई हमलावर उड़ानों का नेतृत्व किया। उनके हमलों का छम्ब-जोरियां क्षेत्र में शत्रु की थल सेनाओं पर घातक प्रभाव पड़ा। उन्होंने शत्रु सेनाओं और बख्तरों के जमावों पर घातक हमले करने के अलावा, उसके चार टैंक और चार गाड़ियां नष्ट कीं। 17 दिसंबर, 1971 को उन्होंने लाहौर के रेल-जंक्शन पर एक हमला किया और उसे भारी क्षति पहुंचाई।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट चैरी हासानन्द राणे ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

48. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट दिनेश चन्दर नय्यर (8995),
फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट दिनेश चन्दर नय्यर पूर्वी क्षेत्र में एक लड़ाकू बमबार स्क्वाड्रन में कार्य कर रहे थे। युद्ध के दौरान, उन्होंने हमलों के लिए 11 उड़ानें कीं। ढाका हवाई अड्डे पर उनके पहले हवाई हमले में उन पर विमान-भेदी तोपों द्वारा गोलाबारी की गई। अपने प्राणों की चिन्ता किए बिना, भारी जमीनी गोलाबारी के बावजूद उन्होंने अपने हमले जारी रखे और हवाई अड्डे की तोपों के मुंह बंद कर दिए और साथ ही जमीन पर खड़े शत्रु के एक सैबर वायुयान को भी बरबाद कर दिया। बाद की एक उड़ान में, उन्हें शत्रु के एक छिपे तेल-डिपो का पता लगा और उन्होंने इसे भी नष्ट कर दिया।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट दिनेश चन्दर नय्यर ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

49. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट रोबिन्द्र कुमार सिन्हा (9032)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान एक लड़ाकू बमबार स्क्वाड्रन के पायलट के रूप में, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट रोबिन्द्र कुमार सिन्हा ने कई संक्रियात्मक उड़ानें भरी। इन में से कुछ तो शत्रु के इलाके के काफी अन्दर फोटो/नजरी टोह के लिए थीं। इनके हमलावर मिशनों में इनके द्वारा लाई गई खबरों से बाद के हमलावर मिशनों की योजना बनाने में बड़ी सहायता मिली और शत्रु के लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट किया जा सका। उन्होंने छम्ब-जोड़ियां क्षेत्र में भी हमारी थल सेनाओं के निकट सहायता के लिए अनेक उड़ानें भरीं, और शत्रु की भारी जमीनी गोलाबारी तथा उसकी वायुसेना के भारी अवरोध के बावजूद भी उन्होंने शत्रु के चार टैंक और कई मोटर-गाड़ियां बरबाद कर दीं।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट रोबिन्द्र कुमार सिन्हा ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

50. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट अरुण वसन्त साठये (9039)
फ्लाइंग (पायलट)

4 दिसंबर, 1971 को फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट अरुण वसन्त साठये को एक लड़ाकू बमबार स्क्वाड्रन के वरिष्ठ पायलट के नाते चार विमानों के हमलावर मिशन में एक हवाई अड्डे पर हमला करने के लिए भेजा गया। भारी जमीनी गोलाबारी के बावजूद भी उन्होंने सफलतापूर्वक हमले किए। अपने पहले हमले के दौरान उन्होंने एक इमारत नष्ट कर दी। लौटते हुए, उन्होंने पास ही में एक वायुयान को खड़ा देखा। उस समय, शत्रु के उस बमबार वायुयान में पैट्रोल भरा जा रहा था। उन्होंने तुरंत दूसरा हमला कर दिया। हमले के बाद, उन्होंने उस वायुयान के पास भारी लपटें और धुएं के गुबार ऊपर उठते देखे।

इस कार्यवाही में, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट अरुण वसन्त साठये ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

51. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट अरुण लक्ष्मण देवास्कर (9058)
फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट अरुण लक्ष्मण देवास्कर एक लड़ाकू बमबार स्क्वाड्रन में पायलट थे। वे शत्रु के इलाके में बहुत अंदर स्थित एक हवाई अड्डे पर दिन में हमला करने गए और शत्रु की भारी जमीनी गोलाबारी के बावजूद, शत्रु के दो वायुयानों को जमीन पर ही नष्ट कर दिया। इससे पहले भी एक बार उन्होंने शत्रु के एक हवाई अड्डे पर हमला करके उसके संस्थापनों को नष्ट-भ्रष्ट कर दिया था। इस मिशन से लौटते समय उन पर शत्रु के एक अधिक शक्तिशाली वायुयान ने हमला कर दिया। हालांकि इस भिड़न्त में उनका वायुयान क्षतिग्रस्त हो गया, फिर भी वे उसे अड्डे पर सुरक्षित लौटा लाए।

आद्योपान्त, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट अरुण लक्ष्मण देवास्कर ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

52. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट असपारी रघुनाथ (9122), फ्लाइंग (नेवीगेटर)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट असपारी रघुनाथ एक बमबार स्क्वाड्रन में तैनात थे। उन्होंने प्रत्येक उड़ान और मिशन के लिए स्वयं को स्वेच्छा से प्रस्तुत किया। उनकी लगन और योग्यता के कारण ही उन्हें एक विशेष कार्य सौंपा गया जिसको उन्होंने शत्रु की विमान भेदी तोपों की गोलाबारी और हवाई सुरक्षा की पूरी व्यवस्था के बावजूद भी सफलतापूर्वक पूरा किया।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट असपारी रघुनाथ ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

53. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट भारत भूषण सोनी (9392) फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट भारत भूषण सोनी एक बमबार स्क्वाड्रन में तैनात थे। एक हवाई अड्डे पर शत्रु के हवाई हमले के दौरान उन्होंने उड़ान भरी और शत्रु के एक एफ-104 वायुयान से भिड़ गए। उन्होंने अपना वायुयान काफी निचाई पर, ध्वनि से भी तेज गति से उड़ाया और शत्रु के वायुयान को मार गिराया।

आद्योपान्त फ्लाइट लेटिफ्लेन्ट भारत भूषण सोनी ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

54. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट समर विक्रम शाह (9413) फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट समर विक्रम शाह एक लड़ाकू बमवार स्क्वाड्रन की टुकड़ी में तैनात थे। 16 दिसंबर, 1971 को उन्हें एक आक्रामक स्वीप मिशन की रक्षार्थ तैनात किया गया। अनुरक्षी दल के नेता के रूप में, उन्होंने आक्रामक स्वीप मिशन के कार्य की पूर्ति में भरपूर सहायता दी। अड्डे पर वापस लौटते समय उन्होंने शत्रु के वायुयानों की एक टुकड़ी को हमारे वायुयानों की ओर बढ़ते हुए देखा। फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट समर विक्रम शाह ने तुरंत शत्रु के वायुयानों को लड़ाई में उलझा लिया, और बाद के वायु युद्ध में शत्रु फार्मेशन के नेता के वायुयान को गोली मार कर गिरा दिया। ईंधन की कमी के कारण वे शत्रु के दूसरे वायुयान का पीछा नहीं कर सके। इस कठिनाई के बावजूद उन्होंने शत्रु के दूसरे वायुयान के प्रयत्नों को विफल कर दिया और अपने वायुयान को सही सलामत उतार लिया।

इस कार्यवाही में फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट समर विक्रम शाह ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

55. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट हेमन्त शरत कुमार सरदेसाई (9463) फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट हेमन्त शरत कुमार सरदेसाई पूर्वी क्षेत्र में एक लड़ाकू स्क्वाड्रन में तैनात थे। 3 दिसंबर, से 16 दिसंबर 1971 तक, उन्होंने जवाबी हवाई हमले के लिए 11 उड़ानें, आक्रामक हवाई सहायता के लिए 8 उड़ानें और हवाई रक्षार्थ 3 उड़ानें भरीं। एक आक्रामक सहायता मिशन के दौरान, उन्होंने राजिन्दरगंज और महेन्दरगंज के बीच दुश्मन के छिपे मुख्यालय बंकरों की टोह लगाई और बाद में उस पर आक्रमण का निर्देशन किया जिसकी वजह से दुश्मन के मुख्यालय और उसके लगभग 160 कार्मिकों को कब्जे में किया जा सका। 6 दिसंबर, 1971 को वे तेजगांव हवाई अड्डे पर बम वर्षा करने वाली स्क्वाड्रन की पहली टुकड़ी में थे, जिससे वह हवाई अड्डा बेकार हो गया। 12 दिसंबर, 1971 की रात को इन्होंने नरसिंगदी में शत्रु के एक गुप्त हवाई अड्डे पर आक्रमण किया और फिर अगले दिन, उस पर दिन में भी बमबारी की और हवाई अड्डे को बेकार कर दिया। ये उस फार्मेशन में थे जिसने 14 दिसंबर, 1971 को ढाका में शत्रु के एक महत्वपूर्ण सैनिक अड्डे पर आक्रमण किया था। ये उस पहली फार्मेशन में भी थे जिसने ढाका में शत्रु सैनिकों के भारी जमावों पर हमला किया जिसके कारण पाकिस्तानी सेना को बंगलादेश में और भी जल्दी आत्म-समर्पण करना पड़ा।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट हेमन्त शरत कुमार सरदेसाई ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

56. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट मांडेपंडा अप्पाचू गणपथि (9464) फ्लाइंग (पायलट)

22 नवंबर, 1971 को 14-50 बजे, चार पाकिस्तानी वायुयानों को, जो हमारी सीमा में घुस आए थे, बीच में ही रोक लेने का आदेश दिया गया। 4 नैट वायुयानों की एक फार्मेशन को जिसमें फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट मांडेपंडा अप्पाचू गणपथि नं० 3 थे, शत्रु के वायुयानों को रोकने के लिए भेजा गया। शत्रु के वायुयानों को देखते ही, उन्होंने कुशलतापूर्वक अपनी टुकड़ी का परिचालन किया और स्वयं एक सैबर जेट के पीछे पहुंच कर, उसे मार गिराया।

इस कार्यवाही में फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट मांडेपंडा अप्पाचू गणपथि ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

57. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट अशोक कुमार सिंह (9481), फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट अशोक कुमार सिंह ने, लड़ाकू बमवर्षक स्क्वाड्रन के एक पायलट के रूप में, शत्रु के कड़े जमीनी और हवाई मुकाबले के बावजूद उसके क्षेत्र में काफी भीतर तक 15 उड़ानें भरीं। 17 दिसंबर, 1971 को उन्हें फोटो-टोह उड़ान का कार्यभार सौंपा गया जिसके लिए उन्हे बहुत लंबी उड़ान भरनी थी और उधर शत्रु ने लक्ष्य की रक्षा का भी भारी प्रबंध कर रखा था। लक्ष्य के ऊपर पहुंचने पर उनके विमान को शत्रु की विमान भेदी तोपों की गोलाबारी से क्षति पहुंची जिससे उनके वायुयान की ईंधन की टंकी रिसने लगी। परन्तु उन्होंने अविचलित अपनी सुरक्षा की तनिक भी चिन्ता किए बिना अपना कार्य पूरा किया और ईंधन टंकी की हालत नाजुक होते हुए भी वे अपने अड्डे पर सुरक्षित उतरे और साथ बहुत ही महत्वपूर्ण सूचनाएं भी लाए।

इस कार्यवाही के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट अशोक कुमार सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

58. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट जगदंबा प्रसाद सकलानी (9554), फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट जगदंबा प्रसाद सकलानी ने एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन के पायलट के रूप में हमारी थल सेनाओं की सहायता के लिए 13 संक्रियात्मक उड़ानें भरीं। चार टैंकों और एक जीप को नष्ट करने के अतिरिक्त, उन्होंने एक हवाई अड्डे पर हमला किया, शत्रु की सेनाओं और टैंकों के जमावों पर बमबारी की और एक अन्य इलाके पर भी बमबारी कर शत्रु को भारी नुकसान पहुंचाया।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट जगदंबा प्रसाद सकलानी ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

59. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट अरुण कुमार दत्ता (9738), फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट अरुण कुमार दत्ता एक लड़ाकू स्क्वाड्रन की टुकड़ी में कार्य कर रहे थे। इस दौरान, उन्होंने अनेक संक्रियात्मक उड़ानें भरीं। 12 दिसंबर, 1971 को जब वे हमारे प्रहारक वायुयानों की रक्षार्थ उड़ान भर रहे थे, तो उनके मिशन के नेता ने शत्रु के दो एफ–104 वायुयान देखे। ये वायुयान हमारे प्रहारक वायुयानों के लिए सीधा खतरा बन रहे थे। फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट दत्ता और मिशन के नेता ने तुरंत शत्रु के दोनों वायुयानों को लड़ाई में उलझा लिया। फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट दत्ता शत्रु के एक वायुयान के पीछे जा पहुंचे परन्तु उसके पायलट ने कलाबाजी खा कर बच निकलने की कोशिश की। बड़ी होशियारी से, वे अपने वायुयान को फिर शत्रु के वायुयान के पीछे लाए और अपने दोनों मिसाइल 3–4 सैकिंड के अंतर से फायर करके, शत्रु के वायुयान को नष्ट कर दिया।

इस कार्यवाही में फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट अरुण कुमार दत्ता ने उच्च-कोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

60. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट दिलीप कमलाकर दिघे (9745), फ्लाइंग (पायलट)

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट दिलीप कमलाकर दिघे दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन में पायलट थे। इस दौरान, इन्होंने हमारी थल सेनाओं की सहायता के लिए 14 उड़ानें भरीं। इन में से दो उड़ानों में उन्होंने शत्रु के टैंकों के जमाव देखे। वे तुरंत फार्मेशन को लक्ष्य की ओर ले गए। इन्होंने अपने निशाने से छम्ब-जोड़िया क्षेत्र में शत्रु के चार टैंकों, अनेक मोटर गाड़ियों और दो तोपखानों को नष्ट किया।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट दिलीप कमलाकर दिघे ने उच्च-कोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

61. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट पार्थ दास गुप्त (9770), फ्लाइंग (पायलट)

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट पार्थ दास गुप्त, दिसंबर, 1971 में पाकि-स्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन में काम कर रहे थे। इस दौरान, इन्होंने 19 संक्रियात्मक उड़ानें कीं जिनमें से 12 तो शत्रु के इलाके में काफी अन्दर स्थित इलाकों पर की गईं। 5 दिसंबर, 1971 को चिश्तियां मंडी बहावल नगर के इलाके में सामरिक टोह और हमले की उड़ान के दौरान नम्बर 2 के रूप में उन्होंने चिश्तियां मंडी के पास टैंक ले जाती एक रेलगाड़ी देखी। शत्रु की विमान-भेदी तोपों की भारी गोलाबारी के बावजूद, उन्होंने रेलगाड़ी पर दो बार हमले किए और तीन टैंक नष्ट कर दिए। एक और मौके पर मुलतान पर हमले के दौरान वे नंबर 2 थे। इस हमले म उन्होंने मुलतान में तेल का एक विशाल भंडार ध्वस्त कर दिया और अपना वायुयान सही सलामत वापस अड्डे पर ले आए। जब वे अड्डे पर उतरे तो वायुयान की शेष उड़ान-क्षमता केवल तीन मिनट रह गई थी। अन्य उड़ानों में भी वे तब तक अपने काम पर लगे रहे, जब तक वायुयान की उड़ान-क्षमता बिल्कुल समाप्त होने को न आ गई।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट पार्थ दास गुप्त ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

62. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट राजेन्द्र सिंह वाही (9830), फ्लाइंग (पायलट)

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट राजेन्द्र सिंह वाही, दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन में पायलट थे। उन्होंने थल सेना की सहायता में 13 संक्रियात्मक उड़ान भरीं और शत्रु के तीन टैंकों, चार मोटर गाड़ियों, एक तेल भंडार और एक तोपखाने को नष्ट किया। इसके अलावा इन्होंने चन्दर हवाई अड्डे, जफरवाल, डेरा बाबा नानक के पुल और धर्मन गांव में शत्रु के सैनिक जमावों पर भी सफल बममारी की।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट राजेन्द्र सिंह वाही ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

63. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट परवेज रुस्तम जामसजी (9834), फ्लाइंग (पायलट)

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट परवेज रुस्तम जामसजी दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, एक हेलीकाप्टर स्क्वाड्रन में काम कर रहे थे। जिस हेलीकाप्टर को वे उड़ा रहे थे, उस पर दो बार मशीनगन से और दो बार मार्टरों से हमले हुए, फिर भी उन्होंने सौंपा गया काम पूरा किया और हेलीकाप्टर को सही सलामत अड्डे पर वापस ले आए। एक बार जब ये शत्रु के मोर्चों के ऊपर से उड़ रहे थे तो हेलीकाप्टर के इंजन में खराबी पैदा हो गई, फिर भी वे उसे अपने इलाके में सकुशल लौटा लाए।

आद्योपान्त फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट परवेज रुस्तम जामसजी ने उच्च-कोटि की वीरता, व्यावसायिक कुशलता और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

64. फ्लाइंग अफसर डोनल्ड लजारस (10516), फ्लाइंग (पायलट)

दिसबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइंग अफसर डोनल्ड लजारस एक लड़ाकू स्क्वाड्रन में कार्य कर रहे थे। 22 नम्बबर, 1971 को 4 नैट वायुयानों की एक फार्मेशन में फ्लाइंग अफसर नजारस को नं० 4 के रूप में उड़ान भरने के लिए भेजा गया। इस फार्मेशन को शत्रु के उन चार वायुयानों को रास्ते में ही रोक लेने का आदेश दिया गया था, जो हमारी सीमा में घुस आए थ। फार्मेशन के नेता ने फार्मेशन को लाभदायक स्थिति पर लाकर घुसपैठिए सैबर जैटों पर अक्रमण कर दिया। इस हवाई युद्ध में, फ्लाइंग अफसर लजारस अपने नेता की सुरक्षा के लिए नं० 4 की स्थिति में बने रहे। जब फ्लाइंग अफसर लजारस ने देखा कि एक सैबर जेट उनके नेता के लिए खतरा बन रहा है तो वे तुरंत अपने वायुयान को बहुत होशियारी से उस सैबर जेट के पीछे ले गए और उस समय तक उस पर आक्रमण करते रहे, जब तक कि आकाश में ही उसके टुकड़े-टुकड़े नहीं हो गए।

इस कार्यवाही में फ्लाइंग अफसर डोनल्ड जलारस ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

65. फ्लाइंग अफसर किशन लखीमल मलकानी (10576), फ्लाइंग (पायलट) **(मरणोपरान्त)**

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइंग अफसर किशन लखीमल मलकानी एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन में कार्य कर रहे थे। 4 दिसम्बर, 1971 को उन्हें सूर्यास्त के समय शत्रु के एक हवाई अड्डे पर आक्रमण करने के लिए भेजा गया। लक्ष पर दृश्यता कम होने के बावजूद, उन्होंने सफलतापूर्वक आक्रमण किया और एक ब्लास्ट पेन को ध्वस्त कर दिया। 5 दिसम्बर, 1971 को, शत्रु की एक सिगनल यूनिट पर आक्रमण करने वाले एक मिशन में उन्हें नं० 2 के रूप में भेजा गया। उन्होंने रेडार यूनिट पर आक्रमण किया और उसको इतनी अधिक क्षति पहुंचाई कि युद्ध के अन्त तक, वह रेडार स्टेशन बेकार रहा। इस संक्रिया में उन्होंने अपने प्राण भी न्योछावर कर दिए।

इस कार्यवाही में फ्लाइंग अफसर किशन लखीमल मलकानी ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

66. फ्लाइंग अफसर बालचन्द्र चेंगप्पा करुम्बाया (10604), फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइंग अफसर बालचन्द्र चेंगप्पा करुम्बाया एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन में कार्य कर रहे थे। उन्होंने शत्रु के हवाई अड्डे पर दिन के समय जवाबी हवाई हमलों के लिए दो बार उड़ानें भरीं और शत्रु की भारी जमीनी गोलाबारी के बावजूद, उसके जमीन पर खड़े एक भारी परिवहन वायुयान को नष्ट कर दिया। इसके अलावा, उन्होंने हवाई अड्डे के स्थायी संयंत्रों आदि को भी बहुत क्षति पहुंचाई।

इस कार्यवाही में फ्लाइंग अफसर बालचन्द्र चेंगप्पा करुम्बाया ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

67. फ्लाइंग अफसर शंकरनारायणन बालसुब्रामणियन (10864), फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइंग अफसर शंकरनारायणन बालसुब्रामणियन एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन में एक पायलट के रूप में कार्य कर रहे थे। 4 और 5 दिसम्बर, 1971 को, उन्होंने दिन में शत्रु प्रदेश में काफी भीतर तक घुस कर एक हवाई अड्डे पर हमले के लिए उड़ानें भरीं और भारी जमीनी गोलाबारी के बावजूद, हवाई अड्डे और इसके संयंत्रों आदि को भारी क्षति पहुंचाई।

इस कार्यवाही में फ्लाइंग अफसर शंकरनारायणन बालसुब्रामणियन ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

68. फ्लाइंग अफसर बर्टन रमेश (10948),
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइंग अफसर बर्टन रमेश एक हैलिकाप्टर यूनिट में कार्य कर रहे थे । उन्होंने 45 संक्रियात्मक उड़ानें सफलतापूर्वक सम्पन्न कीं, जिनमें से कुछ तो युद्ध क्षेत्र के ठीक बीच में । इनमें से दो उड़ानों में उन्होंने शत्रु की लगातार बममारी के बावजूद, अपनी जान हथेली पर रख कर, उड़ी क्षेत्र के अग्रवर्ती हेलिपैड से हताहत सैनिकों को बाहर निकाला ।

आद्योपान्त फ्लाइंग अफसर बर्टन रमेश ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

69. फ्लाइंग अफसर हरीश मसंद (11272),
फ्लाइंग (पायलट)

4 दिसम्बर, 1971 को फ्लाइंग अफसर हरीश मसंद शत्रु के एक हवाई अड्डे पर आक्रमण करने के लिए भेजे गए तीन वायुयानों के एक मिशन में नं० 3 थे । लक्ष्य से थोड़ी सी ही दूरी पर उनकी फार्मेशन को पाकिस्तानी वायुसेना के दो सैबर वायुयानों ने रास्ते में ही रोक लिया । बाद के वायु युद्ध में उन्होंने एक सैबर जैट को मार गिराया । उन्होंने शत्रु प्रदेश के ऊपर भी कई लड़ाकू टोह उड़ानें भरीं और उन्हें जो भी कार्य सौंपा गया, उसे उन्होंने पूरा किया ।

आद्योपान्त फ्लाइंग अफसर हरीश मसंद ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

70. फ्लाइंग अफसर जय सिंह गहलावत (11280),
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइंग अफसर जय सिंह गहलावत ने एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन के पायलट के रूप में शत्रु के विरुद्ध कई संक्रियात्मक उड़ाने भरीं । 5 दिसंबर, 1971 को उन्होंने कठुआ क्षेत्र पर हमला किया और एक पुल को उड़ा दिया । 7 दिसंबर, 1971 को एक निकट सहायता उड़ान के दौरान उन्होंने दुश्मन के कई टैंक नष्ट कर दिए । एक उड़ान के दौरान शत्रु की जमीनी गोलाबारी से उनके विमान को क्षति पहुंची परंतु वे उसे सुरक्षित अपने अड्डे पर वापिस ले आए । 9 दिसंबर, 1971 को जब वे दो वायुयानों की एक फार्मेशन के नं० 2 थे तो उनकी फार्मेशन पर शत्रु के 6 मिराज विमानों ने हमला कर दिया । उन्होंने पूरी चौकसी बरतते हुए अपने लीडर को भरपूर संरक्षण और सहायता प्रदान की । यद्यपि शत्रु विमानों ने उन पर वायु से वायु में मार करने वाली 12 मिसाइलें छोड़ीं, तो भी उनकी फार्मेशन सकुशल अपने अड्डे पर लौट आई । 10 दिसंबर को छम्ब क्षेत्र में एक निकट वायु सहायता उड़ान के दौरान, उन्होंने दुश्मन के ठिकानों पर हमला किया और उसे भारी नुकसान पहुंचाया

आद्योपान्त फ्लाइंग अफसर जयसिंह गहलावत ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

71. फ्लाइंग अफसर मोहन दीक्षित (11309),
फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइंग अफसर मोहन दीक्षित ने, एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन के एक पायलट के रूप में कई उड़ानें भरीं । उन्होंने एक हमले के दौरान विंगमैन के रूप में उड़ान भरी और शत्रु की भारी मोर्चेबंदी के बावजूद एक पुल को तोड़ दिया । पठानकोट क्षेत्र में उन्होंने चार मार्शलिंग यार्डों एवं एक नहर मुखरचना को हानि पहुंचाई । छंब क्षेत्र में एक निकट वायु सहायता उड़ान के दौरान उन्होंने कुछ तोपों को ध्वस्त किया ।

आद्योपान्त फ्लाइंग अफसर मोहन दीक्षित ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

72. फ्लाइंग अफसर सुखदेव सिंह ढिल्लों (11378),
फ्लाइंग (पायलट)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइंग अफसर सुखदेव सिंह ढिल्लों ने एक हेलीकाप्टर यूनिट के पायलट के रूप में उड़ाने भरीं और अपनी सुरक्षा की तनिक भी चिन्ता न करते हुए कारगिल क्षेत्र के एक बहुत ही दुर्गम एवं खतरनाक इलाके से अकेले ही युद्ध में हताहत हुए 87 सैनिकों को निकाल लाए । शत्रु की भारी जमीनी गोलाबारी और हवाई प्रतिरोध के बावजूद भी उन्होंने हताहतों को निकाल कर लाने का काम पूरा किया ।

आद्योपान्त फ्लाइंग अफसर सुखदेव सिंह ढिल्लों ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

पे० ना० कृष्णमणि,
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

विधि और न्याय मंत्रालय

(विधायी विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 5 जून 1972

संकल्प

सं० फा० 10(4)/69–वक्फ––भारत के राजपत्र के भाग I, खण्ड 1 में 23 जनवरी, 1971 को प्रकाशित भारत सरकार, विधि और न्याय मंत्रालय, विधायी विभाग के संकल्प सं० फा० 10(4)/69–वक्फ० दिनांक 9 दिसम्बर, 1970 द्वारा स्थापित वक्फ जांच समिति का कार्यकाल एतद्द्वारा 31 अक्तूबर, 1972 तक विस्तारित किया जाता है ।

एन० श्रीनिवासन, उप-सचिव

कृषि मंत्रालय

(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 7 जुलाई 1972

संकल्प

सं० 25-8/68-पशुधन विकास 1—इस मंत्रालय के संकल्प संख्या 25-8/68-पशुधन विकास 1, दिनांक 7 अप्रैल 1972 के आंशिक आशोधन में केन्द्रीय सरकार ने निश्चय किया है कि संकल्प के अनुच्छेद 1 की मद संख्या (6) के समक्ष अवस्थित प्रविष्टि में स्वामी आनन्दजी महाराज, मंत्री, भारत साधु समाज के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा :—

"(6) श्री गोस्वामी गिरधारी लाल, प्रधान मंत्री, सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा, पंजाब भूपेन्द्र भवन, पहाड़गंज, नई दिल्ली-55"

त्रिभुवन प्रसाद सिंह, सचिव

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति निम्नलिखित को प्रेषित की जाय :—

1. समस्त राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारें।
2. लोक सभा सचिवालय ।
3. राज्य सभा सचिवालय ।
4. प्रधान मंत्री सचिवालय ।
5. मंत्रिमंडल सचिवालय ।
6. श्री ए० के० सरकार, भारत के सेवा निवृत्त मुख्य न्यायमूर्ति, 67-लोदी एस्टेट, नई दिल्ली-3 ।
7. श्री प्रकाश चन्द्र सेठी, मुख्य मंत्री, मध्य प्रदेश, भोपाल ।
8. श्री एम० करुणानिधि, मुख्य मंत्री, तमिलनाडु, मद्रास ।
9. श्री कमलापति त्रिपाठी, मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
10. श्री सिद्धार्थ शंकर रे, मुख्य मंत्री, पश्चिम बंगाल, कलकत्ता ।
11. स्वामी आनन्द जी महाराज, मंत्री, भारत साधु समाज, केन्द्रीय आश्रम, 22-सरदार पटेल मार्ग, नई दिल्ली ।
12. श्री गोस्वामी गिरधारी लालजी, प्रधान मंत्री, सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा, पंजाब, भुपेन्द्र भवन, पहाड़गंज, नई दिल्ली-55 ।
13. स्वामी योगेश्वर विदेही हरीजी महाराज, द्वारा भारत गो-सेवक समाज-3-सदर थाना रोड, दिल्ली-6 ।
14. श्री अक्षय कुमार जैन, सम्पादक, नवभारत टाइम्स, बहादुर-शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली ।
15. डा० धर्म नारायण, अध्यक्ष, कृषि मुल्य आयोग, कृषि भवन, नई दिल्ली ।
16. डा० सी० कृष्णा राव, पशुपालन आयुक्त, कृषि विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली ।
17. श्री एच० ए० वी० परपिआ, निदेशक, केन्द्रीय खाद्य टैक्नोलौजिकल अनुसंधान संस्थान, मैसूर ।
18. डा० वी० कुरियन, अध्यक्ष, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड, आनन्द, गुजरात ।
19. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि भवन, नई दिल्ली ।
20. स्थापना 1, स्थापना 2, स्थापना 3, स्थापना 4, स्थापना 5, लेखा 1 तथा 2 और बजट अनुभाग ।
21. सूचना अधिकारी कृषि विभाग, नई दिल्ली ।

यह आदेश भी दिया जाता है कि संकल्प सामान्य जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये ।

बी० पी० गुलाटी, उप-सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 7 जुलाई 1972

सं० एफ० 10-1/72-फेट—श्री के० ए० कृष्णास्वामी, सदस्य राज्य सभा को राष्ट्रीय खाद्य और कृषि संगठन सम्पर्क समिति के एक सदस्य के रूप में, कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग) के संकल्प संख्या 10-1/65-फेट, दिनांक 9 सितम्बर, 1966 (अद्यतन संशोधित) के अनुसार 26 मई, 1972 से तीन वर्ष की अवधि के लिए निर्वाचित किया गया है ।

अबू हाकिम, निदेशक (विदेशी सहायता)

नई दिल्ली, दिनांक 10 जुलाई 1972

सं० 24-1/72-सा० समन्वय—उच्च स्तरीय समिति स्थापित करने के सम्बन्ध में भारत सरकार कृषि मंत्रालय, कृषि विभाग के संकल्प संख्या 24-1/72-सा० समन्वय, दिनांक 27 जून, 1972 के अनुसरण में, भारत सरकार निम्न प्रकार से समिति के गठन की उद्घोषणा करती है :—

1. श्री बी० सी० गजेन्द्रगड़कर, सेवानिवृत्त, मुख्य न्यायमूर्ति तथा कुलपति, बम्बई विश्वविद्यालय । — अध्यक्ष
2. प्रो० डी० एस० कोठारी, अध्यक्ष, विश्वविद्यालय, अनुदान आयोग । — सदस्य

3. डा० बी० डी० नागचौधरी, वैज्ञानिक सलाहकार, रक्षा मंत्रालय ।　　सदस्य

4. श्री एच० एन० सेथना, सचिव, अणु ऊर्जा आयोग ।　　सदस्य

5. श्री बी० वेंकटप्पया, अध्यक्ष, ग्राम विद्युतीकरण निगम, नई दिल्ली ।　　सदस्य

समिति स्वयं ही अपनी कार्यविधि निश्चित करेगी, जानकारी आमंत्रित करेगी, साक्षियां एकत्रित करेगी और ऐसी अन्य कार्यवाही करेगी तथा ऐसे अन्य उपाय अपनायेगी जो उसकी सम्मति में, उसे निदेशित प्रश्नों के उपयुक्त अध्ययन करने में उसके सहायक हों। समिति, यदि ऐसा करना आवश्यक समझे तो समुचित शर्तों पर, अध्ययन दल (दलों) अथवा सलाहकारों का पैनल नियुक्त कर सकती है। समिति भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान तथा अन्य ऐसे संस्थानों का, जिन्हें वह आवश्यक समझे, दौरा कर सकती है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों, भारत सरकार के समस्त मंत्रालयों। विभागों, प्रधान मंत्री सचिवालय, राष्ट्रपति सचिवालय, योजना आयोग, मंत्रिमंडल सचिवालय, भारत के नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक, समस्त राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के कृषि विभागों के सचिव, कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग) के समस्त संलग्न तथा अधीनस्थ कार्यालयों, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, संसद पुस्तकालय (5 प्रतियां) को प्रेषित की जायें।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प सामान्य जानकारी के लिये भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

दिनांक 11 जुलाई 1972

संख्या एफ० —21–14/72—सामान्य समन्वय— कैप्टन रणन सिंह ने, जिनको इस मंत्रालय की अधिसूचना संख्या 6–30/70—सा०स० दिनांक 7 नवम्बर, 1970 के अनुसार राष्ट्रीय कृषि आयोग का अंशकालिक सदस्य नियुक्त किया गया था, आयोग की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। दिनांक 29 मई, 1972 से उनका त्याग-पत्र स्वीकृत होने पर वे राष्ट्रीय कृषि आयोग के अंशकालिक सदस्य नहीं रहे।

का० मु० अहमद, संयुक्त सचिव

शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 22 जून 1972

संकल्प का संशोधन

विषय :—अखिल भारतीय खेल परिषद् का पुनर्गठन ।

सं० एफ० 1–2/72—वाई०एस०–1(2)— अखिल भारतीय खेल परिषद् को पुनर्गठित करते हुए संकल्प सं० एफ० 1–2/72–वाई० एस० –1(2), दिनांक 13 अप्रैल 1972 में एतद्द्वारा निम्नलिखित शब्द रखे जायें :—

(1) पैरा 4(5) और (6) के स्थान पर निम्नलिखित शब्द रखे जायें :

"(5) लोक सभा से चार सदस्य, लोक सभा के अध्यक्ष द्वारा मनोनीत किए जायेंगे ।　　4

"(6) राज्य सभा से दो सदस्य, राज्य सभा के अध्यक्ष द्वारा मनोनीत किए जायेंगे,　　2

(2) पैरा–4 के अंत में "33 आंकड़ों के स्थान पर "36" पढ़ा जाए ।

2. यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प के इस संशोधन की एक प्रतिलिपि सामान्य सूचना के लिए भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित की जाए तथा संबंधित व्यक्तियों को भेजी जाए ।

कांति चौधुरी, संयुक्त सचिव

(समाज कल्याण विभाग)

नई दिल्ली-1, दिनांक 13 जुलाई 1972

संकल्प

संख्या —27/2/70—एन०एस०—इस विभाग के संकल्प संख्या 27/2/70—एन०एस० दिनांक 22 जनवरी, 1972 के आंशिक आशोधन में भारत सरकार श्री एम० एम० राजेन्द्रन, जिन्हें सचिव, श्रम विभाग, नियुक्त किया गया है, के स्थान पर श्री डी० के० ओज़ा, सचिव, समाज कल्याण विभाग, तामिल नाडु सरकार, मद्रास, को इस संकल्प की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए 'विशेष पोष्टिक आहार कार्यक्रम' सम्बन्धी सलाहकार समिति के एक सदस्य के रूप में नियुक्त करती है ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि उक्त संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

पी० पी० आई० वैद्यानाथन, अपर सचिव

डाक-तार बोर्ड

नई दिल्ली, दिनांक 3 जुलाई 1972

संकल्प

सं० 11/2/71—जी० ए०—विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं तथा उनकी कार्य कुशलता में सुधार संबंधी सर्वदेशीय सामान्य मामलों में डाक-तार विभाग तथा डाक-तार सेवाओं के उपभोक्ताओं के बीच निकट संबंध स्थापित करने की दृष्टि से राष्ट्रपति ने सहर्ष निदेश दिया है कि एक केन्द्रीय डाक-तार सलाहकार

परिषद् का इस प्रकार गठन किया जाए :—

गठन :—

क—**अध्यक्ष**—संचार मंत्री

ख—सरकारी सदस्य :

अध्यक्ष, डाक-तार बोर्ड उपाध्यक्ष,

वरिष्ठ सदस्य (दूरसंचार प्रचालन), डाक-तार बोर्ड

वरिष्ठ सदस्य (वित्त) डाक-तार बोर्ड

वरिष्ठ सदस्य (डाक) डाक-तार बोर्ड

छ: प्रतिनिधि राज्य सरकारों से बारी बारी से ।

डाक-तार सेवाओं के पांच सरकारी प्रमुख उपभोक्ता अर्थात् निम्नवर्ती का एक प्रतिनिधि :–

1. रेलवे बोर्ड
2. रक्षा मंत्रालय
3. आकाशवाणी
4. पत्र सूचना ब्यूरो
5. समुद्रपार सेवाएं

तीन प्रतिनिधि भारत सरकार के उन मंत्रालयों से जो कि डाक-तार के कार्यकलापों से निकट सम्बद्ध हैं, अर्थात् निम्नवर्ती का एक-एक प्रतिनिधि :—

1. परिवहन और जहाजरानी मंत्रालय
2. औद्योगिक विकास एवं आंतरिक व्यापार मंत्रालय
3. परराष्ट्र मंत्रालय

योजना आयोग का एक प्रतिनिधि सदस्य (प्रशासन), डाक-तार बोर्ड

सदस्य सचिव

गैर-सरकारी सदस्य :

संसद् के दस सदस्य (लोक सभा के 6 और राज्य सभा के 4)

एयर लाइन्स के दो प्रतिनिधि अर्थात्

निम्नवर्ती का एक-एक

1. इंडियन एयर लाइन्स
2. एयर इण्डिया

वाणिज्य और उद्योग मंडल के चार-प्रतिनिधि अर्थात् निम्नवर्ती संस्थाओं के अध्यक्ष अथवा उनके नामजद व्यक्ति :—

1. भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंडल–संघ
2. भारतीय वाणिज्य तथा उद्योग सहमंडल
3. अखिल भारतीय निर्यात संगठन
4. युवा उद्यमकर्ताओं का राष्ट्रीय संघ

प्रेस एवं भारतीय समाचार एजेंसियों के पांच प्रतिनिधि अर्थात् निम्नवर्ती का एक-एक :—

1. प्रेस ट्रस्ट आफ इंडिया
2. अखिल भारतीय समाचार पत्र संपादन सम्मेलन
3. भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ
4. यूनाइटेड न्यूज आफ इण्डिया
5. हिन्दुस्तान समाचार

फिलैटली क्षेत्र का एक प्रतिनिधि डाक-तार कर्मचारी संघों के दो प्रतिनिधि अर्थात् डाक-तार कर्मचारी राष्ट्रीय संघ तथा राष्ट्रीय डाक-तार संगठन का राष्ट्रीय संघ का एक-एक प्रतिनिधि ।

अध्यक्ष के स्वविवेक से तीन नामजद प्रतिनिधि ।

कार्यविधि—

2. गैर-सरकारी सदस्य कार्यविधि के पहले वर्ष की 1 जनवरी से 2 वर्ष तक रहेंगे ।

सदस्यता की समाप्ति—

3. गैर-सरकारी सदस्य की सदस्यता इस प्रकार समाप्त की जा सकती है—

1. जिस संगठन की ओर से उसे नामांकित किया हो यदि वह उसका प्रतिनिधि न रहे ।

2. अध्यक्ष द्वारा किसी अन्य कारण से

कार्यकलाप—

4. (क) निम्नवर्ती विषयों से संबंधित कार्यों पर परिषद् विचार करेगी तथा उनके बारे में सिफारिश करेगी :

1. डाक-तार विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली ऐसी सेवाओं तथा सुविधाओं के बारे में जो कि अध्यक्ष द्वारा परिषद् के विचारार्थ भेजी गई हों;

2. डाक-तार विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं तथा सुविधाओं जिन्हें अध्यक्ष के अनुमोदन से सदस्य व्यक्तिगत रूप में कार्य-सूची में शामिल कराना चाहें ;

3. मौजूदा प्रायोजनाओं का विस्तार तथा सुधार ।

4. डाक-तार विभाग से सम्बन्धित सार्वजनिक हित तथा सुविधा का अन्य कोई और मामला ।

(ख) इस संकल्प के अन्तर्गत स्थापित परिषद् का स्वरूप सर्वदा परामर्शदात्री होगा ।

(ग) स्टाफ अनुशासन तथा नियुक्तियों से सम्बन्धित प्रश्नों को परिषद के सामने नहीं उठाया जाएगा ।

कार्य के नियम

5(क) परिषद की वर्ष में कम से कम एक बार बैठक होगी।

(ख) डाक तार विभाग द्वारा प्रदान कराई जाने वाली सुविधाओं तथा सेवाओं से सम्बन्धित विशेष समस्याओं पर सरकार को परामर्श देने के लिए , अध्यक्ष परिषद् की समितियों या उप-समितियों का गठन कर सकते हैं ।

(ग) जो सदस्य यदि चर्चा के लिए किसी विषय को प्रस्तुत करना चाहे तो उनको एक महीने का नोटिस सचिव को देना चाहिए और जिस विषय पर चर्चा करनी है उस का संक्षिप्त उल्लेख करना चाहिए । सचिव सदस्यों को कम से कम दस दिन का नोटिस देकर कार्य सूची भेजेंगे और जहां तक सम्भव हो वे प्रत्येक मद पर ज्ञापन भी उपलब्ध करायेंगे । महत्वपूर्ण विषय को विचारार्थ परिषद के समक्ष बिना नोटिस के प्रस्तुत किया जा सकता है किन्तु अध्यक्ष, के अनुमोदन से अध्यक्ष स्वनिर्णय के अन्तर्गत कि विषय को वर्जित कर सकते हैं ।

(घ) परिषद की बैठक कार्यवृत्त की एक प्रति प्रत्येक सदस्य को दी जाएगी और दो प्रतियां संसद के पुस्तकालय में रखी जाएंगी। सर्किल अध्यक्षों को भी प्रतियां सप्लाई की जाएगी।

(ङ) बैठकों की कार्यवाही गोपनीय होगी किन्तु साधारणतया कार्यवाही का संक्षिप्त सार तैयार करके प्रैस को दिया जाएगा।

यात्रा भत्ता—

6. परिषद की बैठकों में शामिल होने के लिए गैर-सरकारी सदस्यों को समय समय पर सरकार द्वारा नियत दरों के हिसाब से यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता दिया जाएगा।

आदेश दिया जाता है कि आम जानकारी के लिए इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए। यह भी आदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त संकल्प की प्रति निम्नांकित को प्रेषित की जाए :—

1. परिषद के अध्यक्ष, अन्य सदस्य तथा सदस्य संगठन।
2. सभी सर्किलों तथा प्रशासनिक कार्यालयों के अध्यक्ष।
3. डाक-तार महालेखा दिल्ली तथा सभी निदेशक-उपनिदेशक डाक-तार लेखा तथा लेखा परीक्षा।
4. डाक-तार निदेशालय के सभी अधिकारी/अनुभाग।

ह० अपठनीय

सदस्य प्रशासन/ तथा भारत सरकार के पदेन, संयुक्त सचिव

नौवहन तथा परिवहन मन्त्रालय

(परिवहन पक्ष)

नई दिल्ली, दिनांक 23 जून 1972

संकल्प

सं० 24-टी० (38)/72—राष्ट्रीयकृत मार्गों पर राज्य परिवहन सेवाओं के चालू करने और सड़क परिवहन के देशीकरण की प्रक्रिया के सरलीकरण को स्थगित रखते हुए निजी चालकों को अस्थायी परमिट देने की व्यवस्था करने के लिए बिहार तथा राजस्थान सरकारों ने मोटरगाड़ी अधिनियम, 1939 में कुछ संशोधन करने का सुझाव दिया था। सड़क परिवहन संबंधी परिवहन विकास परिषद् की स्थायी समिति ने इन सुझावों पर विचार किया था और यह फैसला किया गया कि प्रस्तावों पर विस्तार पूर्वक विचार करने के लिए कुछ राज्यों, विधि तथा न्याय और नौवहन तथा परिवहन केन्द्रीय मंत्रालयों के कुछ अधिकारियों की समिति बनायी जाए। भारत सरकार ने यह सिफारिश स्वीकार कर ली है और उसने निम्नलिखित समिति की स्थापना की है।

2. समिति का गठन निम्न प्रकार से होगा :—

(1)	श्री के० शिवराज, संयुक्त सचिव नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय।	अध्यक्ष
(2)	संघ विधि तथा न्याय मंत्रालय का एक प्रतिनिधि।	सदस्य
(3)	असम सरकार का एक प्रतिनिधि	सदस्य
(4)	मध्य प्रदेश सरकार का एक प्रतिनिधि	सदस्य
(5)	बिहार सरकार का एक प्रतिनिधि	सदस्य
(6)	मैसूर सरकार का एक प्रतिनिधि	सदस्य
(7)	राजस्थान सरकार का एक प्रतिनिधि	सदस्य
(8)	पश्चिम बंगाल सरकार का एक प्रतिनिधि	सदस्य
(9)	दिल्ली प्रशासन का एक प्रतिनिधि	सदस्य

(3) समिति के विचारार्थ विषय निम्न प्रकार से होंगे :—

(1) मोटर गाड़ी अधिनियम, 1939 के अन्तर्गत सड़क परिवहन के राष्ट्रीयकरण से सम्बन्धित मौजूदा प्रक्रियाओं का अध्ययन करके उन में परिवर्तनों की सिफारिश करना ताकि उक्त राष्ट्रीयकरण शीघ्र हो जाए।

(2) सड़क परिवहन के राष्ट्रीयकरण की परियोजना के अन्तिम रूप से प्रकाशित किये जाने के बाद इसके कार्यान्वयन के लिए रखी जाने वाली समय सीमा का सुझाव देना और उन मामलों में होने वाले परिणाम, जहां निर्धारित समय के अन्दर परियोजना कार्यान्वित नहीं की जाती।

(3) राज्य परिवहन सेवाओं को चालू करने के काम को स्थगित रखते हुए, अधिसूचित मार्गों के संबंध में निजी चालकों को दिये जाने वाले अस्थायी परमिटों के लिए अधिकतम अवधि निर्दिष्ट करना।

(4) मोटर गाड़ी अधिनियम के संशोधनार्थ उड़ीसा सरकार द्वारा किये गए निम्नलिखित प्रस्तावों की जांच करके रिपोर्ट देना:—

(क) 24, 29 तथा 31 धाराओं में संशोधन द्वारा मूल रजिस्टर करने वाले प्राधिकारी से उस व्यक्ति के लिए "अनापत्ति पत्र" प्राप्त करना आवश्यक होगा जो कि दूसरे व्यक्ति के नाम अपनी मोटर गाड़ी के हस्तान्तरण के लिए अनुरोध करता है और उन व्यक्तियों की पहचान, जोकि उक्त अन्तरण के लिए निवेदन करते हैं और वे जिनके नाम यह अन्तरण किया जाना है, इलाके के दो जिम्मेदार व्यक्तियों या राजपत्रित अधिकारियों द्वारा रजिस्ट्री प्राधिकारी के सामने की जाए।

(ख) एक सामान्य शर्त का उल्लेख करने के लिए धारा 59 का संशोधन होगा कि परमिट धारक गाड़ी कर, यात्री कर, माल कर की सभी बकाया रकम अदा करेगा और अपनी गाड़ी में कर अदा किये जा चुकने संबंधी प्रमाण-पत्र रखेगा।

(ग) परमिटों को रद्द करने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को शक्तियां प्रदान करने हेतु धारा 60 (2ए) का संशोधन और उपयुक्त राशि के संग्रह के लिए अपराधों का फैसला करने हेतु ऐसे अधिकारियों को योग्य बनाना।

(घ) धारा 123 में संशोधन करना ताकि प्रज्ञेय सीमा से अधिक यात्री और माल ले जाने वाली गाड़ियों को अपराधी घोषित किया जा सके और निविष्ट की जाने वाली एक नई उप-धारा के अन्तर्गत ऐसे अपराधों को लाना ताकि पहले अपराध के लिए अधिक से अधिक 500/— रुपये और बाद के किसी अपराध के लिए 1,000/— रुपये तक का जुर्माना किया जा सकेगा

और रजिस्ट्री प्रमाण-पत्र तथा गाड़ी के परमिट का पहले अपराध के लिए भी चार महीने तक की कम से कम अवधि के लिए विलम्बन करने की व्यवस्था हो सके ।

(5) (1) से (4)) तक के प्रसंगिक मामले ।

4. भारत सरकार को विश्वास है कि राज्य सरकारें तथा संघ प्रशासन, समिति को उसके कार्य में पूरा-पूरा सहयोग देगें ।

5. समिति को अपनी रिपोर्ट 15 अगस्त, 1972 तक प्रस्तुत करनी है ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए और उसकी प्रति सभी राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों को भी भेजी जाए ।

दिनांक 7 जुलाई 1972

संकल्प

सं० 39—टी०ए०जी०(3)/72—छटे अनुसूची के साथ पठित मोटर गाड़ी अधिनियम, 1939 की धारा 24(3) के अनुसार, मोटर गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन चिन्ह में अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक राज्य को नियतन किये गये अक्षर समूह शामिल होते है और उसके पीछे एक ऐसी संख्या होती है जो कि चार अंकों से अधिक नहीं होती । इस समय कानूनी तौर पर, मोटर गाड़ियों की नम्बर प्लेटों पर लिखे अक्षर अंग्रेजी में होने चाहिएं और संख्या पट्ट, भारतीय संख्यापट्टों के अंतर्राष्ट्रीय रूप में होने चाहिए, भारत के संविधान के अनुच्छेद 343(1) के अनुसार, देवनागरी लिपि में हिन्दी संघ की राजभाषा है । कुछ राज्यो ने हिन्दी को अपनी राजभाषा और संघ तथा अन्य राज्यों के साथ पत्र व्यवहार की भाषा के रूप में अपनाया है । इन राज्यों का विचार है कि मोटर गाड़ियों की नम्बर प्लेटों पर रजिस्ट्रेशन चिन्ह लगाने, किलोमीटर पत्थरों पर और राष्ट्रीय राजमार्गों पर साइन बोर्ड लिखने के लिए देवनागरी लिपि का प्रयाग किया जाए । कुछ अन्य राज्यों ने मोटर गाड़ियों पर रजिस्ट्रेशन चिन्ह लगाने के लिए प्रादेशिक भाषाओं के प्रयोग की मांग की है ।

2. कुछ समय यह मामला विचाराधीन रहा है । संबंधित विषयों पर अगस्त, 1971 में श्रीनगर में हुई परिवहन विकास परिषद् की नवीं बैठक में चर्चा की गई । चूंकि मोटर गाड़ियों की नम्बर प्लेटों, किलोमीटर पत्थरों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रयोग की जाने वाली लिपि के बारे में राज्यों में विचारों की एकरूपता नहीं थी, अतः इस बात पर सहमति हुई कि समस्या का अध्ययन करने और इस संबंध में सिफारिश करने के लिए एक कार्य दल बनाया जाये । भारत सरकार ने इस निष्कर्ष को स्वीकार कर लिया है और तदनुसार संबंधित विषयों की जांच पड़ताल के लिए एक कार्य दल गठित करने का निश्चय किया है ।

3. उक्त कार्य दल का गठन निम्न प्रकार से होगा :—

(i) श्री एस० एन० सिन्हा
महानिदेशक (सड़क विकास) तथा
अतिरिक्त सचिव, नौवहन और
परिवहन मंत्रालय — अध्यक्ष

(ii) श्री के० शिवराज,
संयुक्त सचिव,
नौवहन और परिवहन मंत्रालय — सदस्य

(iii) श्री कुलवन्त सिंह,
गृह कार्य आयुक्त तथा
सचिव, पंजाब सरकार, परिवहन विभाग — सदस्य

(iv) श्री जी० पी० पाण्डेय,
सचिव, उत्तर प्रदेश, सरकार,
परिवहन विभाग — सदस्य

(v) श्री पी० सी० सेन,
उप परिवहन आयुक्त
(प्रशासन), मध्य प्रदेश,
ग्वालियर । — सदस्य

(vi) श्री आर० एस० कुम्भट,
उप-सचिव, राजस्थान सरकार,
गृह विभाग — सदस्य

(vii) श्री ए० कितचानन,
संयुक्त सचिव, तमिल नाडु सरकार,
गृह विभाग — सदस्य

(viii) श्री गुरुदास
परिवहन आयुक्त,
आन्ध्र प्रदेश — सदस्य

(ix) श्री एस० एस० तिनईकर,
परिवहन निदेशक,
महाराष्ट्र — सदस्य

(x) श्री बी० बरवा,
परिवहन आयुक्त, असम — सदस्य

(xi) उप-सचिव,
नौवहन और परिवहन मंत्रालय,
(सड़क परिवहन से संबंधित) — सदस्य सचिव

4. कार्य दल के विचारार्थ विषय निम्न प्रकार होंगे :—

(i) मोटर गाड़ी अधिनियम, 1939, भारत के संविधान और राजभाषा अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार मोटर गाड़ियों पर रजिस्ट्रेशन चिन्ह, किलोमीटर पत्थर और राष्ट्रीय राजमार्गों पर साइन बोर्ड लिखने के लिए भाषा या भाषाओं सम्बन्धी स्थिति की जांच करना और मोटर गाड़ियों पर रजिस्ट्रेशन चिन्ह, किलोमीटर पत्थरों तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर साइन बोर्ड लिखने के लिए प्रयोग की जाने वाली लिपि या लिपियों के बारे में सिफारिश करना जिसमें वे संशोधन भी शामिल हैं जोकि सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए मोटर गाड़ी अधिनियम के लिए आवश्यक हो ।

(ii) उपर्युक्त (i) के अन्तर्गत सिफारिशों के आधार पर उन भाषा या उन भाषाओं का सुझाव देना जोकि मोटर गाड़ी अधिनियम और राज्य मोटर गाड़ी नियमों में उल्लिखित फार्मों में इस्तेमाल की जा सकती है/हैं ।

5. भारत सरकार को आशा है कि राज्य सरकार तथा संघ प्रशासन और सभी अन्य संबंधित संस्था और विषय वस्तु में रुचि लेने वाले व्यक्ति, कार्य दल की पूछताछ के संबंध में सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे ।

6. दल यथाशीघ्र अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए और सभी संबंधितों को भेज दिया जाए ।

के० शिवराज, संयुक्त सचिव

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 22 जून 1972

संकल्प

सं० 8 (1)/72-जी० बी०—भारत सरकार तथा बंगला देश सरकार ने उन नदी प्रणालियों का विस्तृत सर्वेक्षण करने जिनमें दोनों देशों का हिस्सा है, बाढ़-नियंत्रण के क्षेत्र में दोनों देशों से सम्बन्धित परियोजनाएं तैयार करने और उन्हें क्रियान्वित करने के लिए एक भारत-बंगला देश संयुक्त नदी आयोग, स्थायी आधार पर स्थापित करने का फैसला किया है । संयुक्त आयोग के भारतीय सदस्य निम्नलिखित हैं:—

1. श्री एन० जी० के० मूर्ति, सह-अध्यक्ष/अध्यक्ष
2. श्री बी० एन० नागराज, सदस्य

अन्य सदस्यों के नाम यथासमय बताए जाएंगे ।

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय भारतीय सदस्यों की सहायता के लिए स्टाफ की व्यवस्था करेगा ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति सभी राज्य सरकारों को सूचनार्थ प्रेषित कर दी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में आम जानकारी के लिए प्रकाशित कर दिया जाए ।

संकल्प

सं० 8 (16)/72-जी० बी०:—भारत सरकार तथा बंगला देश सरकार ने फैसला किया है कि बंगला देश के विद्युत ग्रिडों को भारत के सहवर्ती क्षेत्रों के साथ जोड़ने की संभाव्यता की जांच करने के लिए तथा विद्युत विकास के मामले में दोनों देशों के बीच समन्वय सुनिश्चित करने के लिए एक भारत-बंगला देश संयुक्त विद्युत समन्वय बोर्ड स्थापित किया जाए । यह फैसला किया गया है कि श्री ए० के० घोष, उपाध्यक्ष, केन्द्रीय जल और विद्युत आयोग (विद्युत स्कंध) बोर्ड में भारतीय सदस्य के रूप में होंगे ।

केन्द्रीय जल और विद्युत आयोग (विद्युत स्कंध) भारतीय सदस्य की सहायता के लिए स्टाफ की व्यवस्था करेंगे ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति सभी राज्य सरकारों को उनको सूचनार्थ प्रेषित कर दी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में आम जानकारी के लिए प्रकाशित कर दिया जाए ।

एस० एन० गुप्त, संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 18th July 1972

No. 92-Pres./72.—The President is pleased to approve the award of the VIR CHAKRA for acts of gallantry in the recent operations against Pakistan to :—

1. Squadron Leader IQBAL SINGH BINDRA (6360)
Flying (Pilot)

During the operations against Pakistan in December, 1971, Squadron Leader Iqbal Singh Bindra was commanding a detachment of a Fighter Bomber Squadron at a forward airfield. On the 17th December, 1971, while on a combat Air patrol he spotted one enemy F. 104 approaching the airfield. He engaged it before it could launch an attack on the airfield. Finding tough opposition, the enemy aircraft abandoned the mission and attempted to escape but Squadron Leader Iqbal Singh Bindra pursued the aircraft and shot it down. In addition to carrying out operational duties, he also ensured a high rate of aircraft serviceability.

Throughout, Squadron Leader Iqbal Singh Bindra displayed gallantry, professional skill and devotion to duty of a high order.

2. Squadron Leader PREET PAL SINGH GILL (6342)
Flying (Pilot)

During the operations against Pakistan in December, 1971 Squadron Leader Preet Pal Singh Gill carried out a number of successful night bombing missions over vital and heavily defended targets situated deep inside enemy territory, and caused severe damage to enemy installations notwithstanding heavy enemy opposition.

Throughout, Squadron Leader Preet Pal Singh Gill displayed gallantry, professional skill and devotion to duty of a high order.

3. Squadron Leader DILIP KUMAR DASS (6334)
Flying (Pilot)

